रोहतक

सोमवार, 29 अप्रैल 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 92

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


मौसम

अधि. 38.2
न्यूून. 21.1


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 बेंगलोर की लगातार दूसरी जीत, गुजरात को नौ विकेट से रौंदा, विल जैक्स का शतक

- लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को बड़ा झटका
- लवली बोले, दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी

# 'आप' के साथ गठबंधन से नाराज दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

- पूर्व विधायक आसिफ बोले-भाजपा उन्हें टिकट देगी
- लवली बोले-मैं अभी कहीं नहीं जा रहा हूं

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इसकी एक वजह आम आदमी पार्टी (आप) से गठबंधन को बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस गठबंधन के खिलाफ थी, लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को शनिवार को भेजे इस्तीफा पत्र में लवली ने यह भी कहा कि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारी दीपक बाबरिया ने 'एकतरफा वीटो' कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही नए अध्यक्ष की घोषणा होगी।



### पत्र में लिखा मैं लाचार हूं

खरगे को लिखे चार पेज के पत्र में लवली ने कहा, 'भारी मन से मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं कि मैं लाचार महसूस कर रहा हूं और दिल्ली पार्टी इकाई का अध्यक्ष बने रहने में असमर्थ हूं।' 'चूंकि, मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा नहीं कर सकता हूं तो मुझे इस पद पर बने रहने की कोई वजह नजर नहीं आ रही है। अतः अत्यंत खेद और भारी मन से मैं अरविंदर लवली डीपीसीसी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूं।'

**पद छोड़ने के तीन कारण**

1. आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं चाहते थे अरविंदर
2. बाहरी यानी मुराद उदित राज और कन्हैया कुमार को टिकट देने से नाराज
3. दिल्ली प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया के फैसलों से नाखुश

### मतभेद खुलकर सामने आए

लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। ओखला से कांग्रेस के दो बार के विधायक रह चुके आसिफ मोहम्मद खान ने कहा-पार्टी में मतभेद हो सकते हैं। अगर लवली निराश थे, इस्तीफा देना चाहते थे तो चुपचाप मल्लिकार्जुन खरगे को इस्तीफा सौंप देते। एक तरह से उन्होंने जो पत्र खुले तौर पर मीडिया को जारी किया है, वह सीधे तौर पर बीजेपी को फायदा पहुंचा रहा है। मैं इतना कह सकता हूं कि भाजपा एक-दो दिन में हर्ष मल्होत्रा की जगह लवली को पूर्वी दिल्ली से अपना उम्मीदवार घोषित कर देगी। वहीं, लवली ने कहा कि वे कांग्रेस में ही हैं, किसी और पार्टी में नहीं जा रहे हैं।

### कांग्रेस में एक ही परिवार का सबकुछ : भाजपा

भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा-कांग्रेस में सब ठीक-ठाक नहीं है। कांग्रेस में एक परिवार ही सब कुछ चलाना चाहता है, जिससे जमीनी नेता परेशान हैं। कल तक कांग्रेस जिन लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाती थी आज वे उन्हीं लोगों के साथ समझौता करके चुनाव लड़ रहे हैं। ये कैसे संभव है? लोगों को घुटन हो रही है इसलिए वे इस्तीफा दे रहे हैं।

### ये कांग्रेस का आंतरिक मामला : सौरभ

लवली के इस्तीफे पर आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी हमारी गठबंधन सहयोगी है और उनकी पार्टी का यह आंतरिक मामला है। मुझे लगता है कि वह ही इस बारे में बोलें तो बेहतर होगा।

# चुनाव आयोग का आदेश आप कैंपेन सॉन्ग बदले

**नई दिल्ली(भाषा)।** चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी (आप) को अपने इलेक्शन कैंपेन सॉन्ग में बदलाव करने को कहा है। ईसी ने केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 और ईसीआई गाइडलाइन्स का हवाला देते हुए आप को सॉन्ग में बदलाव करके उसे दोबारा सब्मिट करने को कहा है। सॉन्ग को चेक करने के बाद ही उसे सर्टिफिकेट मिलेगा। ईसीआई ने कहा कि सॉन्ग की लाइन 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' के साथ आक्रोशित भीड़ नजर आ रही है। इस भीड़ के हाथ में जेल की सलाखों के पीछे अरविंद केजरीवाल की तस्वीर है। इस तरह के पिक्चराइजेशन से न्यायपालिका की छवि खराब होती है। इसके अलावा ये भी कहा कि जेल के जवाब में वोट वाली लाइन कई बार दोहराई गई है, जो कि केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 के तहत प्रोग्राम एंड एडवर्टाइजिंग के खिलाफ है।

**कहा-इससे न्यायपालिका की छवि खराब हो रही**

**जेल में बंद केजरीवाल के साथ गुस्साई भीड़ दिखाई**

## खबर संक्षेप

### मुंबई में बच्चों की तस्करी डॉक्टर समेत सात पकड़े

**मुंबई।** पुलिस ने बच्चों की तस्करी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक डॉक्टर भी शामिल है। ये रैकेट एक नाबालिग और एक छोटे बच्चे की तस्करी में शामिल था। मुंबई क्राइम ब्रांच के अनुसार आरोपितों में डॉ सोपानराव खंडारे, वंदना अमित पवार, शीतल गणेश वारे, स्नेहा सूर्यवंशी, नसीमा हनीफ खान, लता सुरवाड़े व शरद मारूति देवर शामिल हैं। एजेंसी

### आदि कैलाश के होंगे 6 हेलीकॉप्टर से दर्शन

**देहरादून।** उत्तराखंड में दूरस्थ इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आदि कैलाश, ओम पर्वत हेली दर्शन टूर पैकेज भी लॉन्च किया गया है। इस साल नवंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन हेली दर्शन पैकेज के लिए पायलट रन अप्रैल-मई, 2024 से लगातार जारी है। इसके तहत हर बैच में 12 से 15 पर्यटक होंगे। आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के हवाई दर्शन के दौरान छह हेलीकॉप्टर सेवाएं देंगे। इससे श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। एजेंसी

### हेमकुंड साहिब के लिए पहला जत्था 22 को जाएगा

**ऋषिकेश।** सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई खुल रहे हैं। पैदल मार्ग से सेना के जवान और प्रबंधन के लोग बर्फ हटाने में जुटे हुए हैं। 22 मई को ऋषिकेश से हेमकुंड यात्रा के लिए पंच प्यारों की अगुवाई में पहले जत्थे को रवाना किया जाएगा। जिसमें राज्यपाल गुरमीत सिंह शामिल हो सकते हैं। 25 अप्रैल शाम तक हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए 23469 यात्री रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। एजेंसी

### देवगौड़ा के बेटे-पोते पर यौन शोषण का केस

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना और पोते प्रज्वल रेवन्ना पर यौन शोषण का का केस दर्ज हुआ है। एचडी रेवन्ना कर्नाटक सरकार में पूर्व मंत्री रह चुके हैं, जबकि प्रज्वल हासन लोकसभा सीट से सांसद हैं और जीडीएस उम्मीदवार भी हैं। ये केस उनकी महिला बावर्ची की शिकायत पर होलेनरसीपुर थाने में दर्ज किया गया है। महिला का कहना है कि एचडी रेवन्ना व प्रज्वल ने उसका शारीरिक शोषण किया है। एजेंसी

### पाक के विदेश मंत्री डार उपप्रधानमंत्री नियुक्त

**इस्लामाबाद।** एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार को देश का उप-प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। कैबिनेट सचिवालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। चार्टर्ड अकाउंटेंट और अनुभवी राजनेता 73 वर्षीय डार, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी से हैं। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। भाषा

## पीएम ने कर्नाटक से कांग्रेस व राहुल ने ओडिशा से किए भाजपा पर प्रहार

*मोदी बोले-जिन्होंने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया उन्हें मतदाता खारिज कर देंगे*

# 'शहजादे' ने महाराजाओं का अपमान किया, नवाबों के अत्याचारों पर चुप

भाषा ▶▶| सिरसी (कर्नाटक)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और बेल्लारी में सभाएं की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए। मोदी ने कहा कि कांग्रेसी पहले जब भी हार जाते थे तो ईवीएम की टोपी पहना देते थे। चुनाव आते ही दिन-रात ईवीएम की माला जपते रहते थे। अब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा चांटा मारा कि वे असमंजस में हैं कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सांत्वना देने के लिए क्या कहेंगे। अब पूरी कांग्रेस इसकी ड्राफ्टिंग में लगी है कि चुनाव हार जाएं तो क्या बयान देना है। प्रधानमंत्री ने कहा-कांग्रेस के 'शहजादे' को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं। उनका अपमान करते हैं। वहीं, ये नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द भी बोलने की ताकत नहीं रखते। कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। कोरोना वैक्सीन पर भी सवाल उठाए थे।



**कांग्रेस आपकी संपत्ति को पसंदीदा वोट बैंक में बांट देगी**

न रुकूंगा, न थकूंगा और न ही झुकूंगा, ये मोदी की गारंटी

### इन्होंने राममंदिर का निर्माण नहीं होने दिया

मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया, उन्हें मौजूदा लोकसभा चुनाव में जनता खारिज कर देगी। मोदी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण पर फैसला देश की आजादी के अगले दिन ही ले लिया जाना चाहिए था। लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं होने दिया। उन्हीं ताकतों ने अंतिम क्षण तक यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि राम मंदिर न बने और आखिरी दिन भी अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### हुबली कॉलेज में हत्या पर कांग्रेस ने तुष्टिकरण किया

पीएम ने हुबली के एक कॉलेज में 18 अप्रैल को कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की हत्या की भी चर्चा की। नेहा को सरेआम फयाज ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा- हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टिकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। ये अपने वोट बैंक के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

# मोदी अरबपतियों के लिए चलाते हैं सरकार : राहुल

**कटक (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर पीएम नरेन्द्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है। गांधी ने कटक के सालेपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भले ही बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक-दूसरे के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इसे साझेदारी कहें या कुछ और नाम दें लेकिन बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक सीएम हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वी के पांडियन चला रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए कहा, 'अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को 'पीएएनएन' दिया है, अर्थात पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक।





# गुजरात में 600 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| पोरबंदर

भारतीय कोस्ट गॉर्ड और गुजरात एटीएस ने रविवार को अरब सागर में भारतीय सीमा में 86 किलो ड्रग्स जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 600 करोड़ रुपये से ज्यादा होने का अनुमान है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग करने वाले 14 पाकिस्तानी पैडलर्स को भी गिरफ्तार किया है। कुछ दिनों पहले गिर सोमनाथ पुलिस ने वेरावल शहर के घाट पर बहकर आई 350 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त की थीं। उसके बाद से ही दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, गुजरात एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां पैडलर्स को पकड़ने के लिए ऑपरेशन चला रही थीं। ड्रग्स का जत्था मछलियों की आड़ में छिपाकर रखा गया था।

### समुद्र में रात भर चला सर्च ऑपरेशन

भारतीय कोस्ट गॉर्ड ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इस नाव की तलाश में समुद्र में रात भर ऑपरेशन चलाया गया था। वेस्ट अरेबियन सी में पाकिस्तानी नाव को पकड़ा गया, जिसमें 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर सवार थे। उनके पास से 86 किलो ड्रग्स पकड़ा गया।

### फरवरी में पकड़ी गई थी सबसे बड़ी खेप

गौरतलब है कि बीते फरवरी महीने में एनसीबी और भारतीय नौसेना ने गुजरात तट के पास ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी खेप जब्त की थी। इस ऑपरेशन में 3 हजार 132 किलो ड्रग्स जब्त की गई थी। इसकी कीमत 1000 करोड़ रुपये से अधिक की थी। इसके साथ ही पांच पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया था।

**कांगपोकपी में वारदात**

## मणिपुर में गोलीबारी, एक की मौत, 12 लोगों ने फायरिंग की

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में जातीय हिंसा से प्रभावित कांगपोकपी में दो संघर्षरत समुदायों के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच रविवार को गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक गुट के 12 लोगों ने पहाड़ी इलाके से गांव पर फायरिंग की। उन्होंने मोर्टार भी दागे। जवाब में गांववालों ने फायरिंग की। कॉर्तुक गांव में गोलीबारी के बाद आसपास के गांव में भी फायरिंग हुई। घरों में गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित जगह तक पहुंचाया गया है। गोलीबारी में मारे गए वॉलंटियर का नाम लमांग किपगेन है।

**मोर्टार दागे, पुलिस ने महिलाओं-बच्चों को सुरक्षित जगह पहुंचाया**

**महादेव सट्टेबाजी एप मामला**

## अभिनेता साहिल खान गिरफ्तार चार दिन के पुलिस रिमांड पर

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महादेव सट्टेबाजी एप मामले में अभिनेता साहिल खान को गिरफ्तार कर लिया। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से गिरफ्तार साहिल को मुंबई की कोर्ट ने 1 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने मुताबिक साहिल ने इस एप को सोशल मीडिया और दूसरे प्लेटफॉर्म्स पर प्रमोट किया। एसआईटी विवादास्पद महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों और राज्य में कुछ वित्तीय एवं रियल एस्टेट कंपनियों के बीच कथित अवैध लेन-देन के संबंध में जांच कर रही है। पुलिस द्वारा इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यह घोटाला करीब 15,000 करोड़ रुपये का है।



**लोकसभा चुनाव**

## प्रदेश में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज से शुरू होगी

**जींद(हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को जारी होगा। इसके साथ ही नामांकन जमा करने की शुरुआत होगी। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि छह मई है। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। मतदान का दिन 25 मई रहेगा और 4 जून को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडीडेट नोमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इसपर अपने आवेदन को ऑनलाइन भी दर्ज करवा सकता है।

**नामांकन वापसी की अंतिम तिथि नौ मई रहेगी**

**तीरंदाजी विश्वकप** धीरज, प्रवीन व तरुणदीप की तिकड़ी का कमाल, ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराया

*भारतीय तीरंदाजों ने 5-1 से स्वर्ण पदक अपने नाम किया*

# पुरुष टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन चौदह साल बाद कब्जाया गोल्ड

भाषा ▶▶| शंघाई

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा। भारतीय तीरंदाजों ने 5-1 से स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**मौजूदा विश्वकप में भारत का 5वां गोल्ड**



**अंकिता-धीरज को मिला कांस्य :** इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिक्स्ड टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी। मां बनने के बाद खेल से दूर रहीं अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### इस विश्वकप में प्रदर्शन

भारत ने इस वैश्विक आयोजन से आठ पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) जीते। पुरुष टीम के फाइनल में भारत का मुकाबला उस कोरियाई टीम से था जिसके दो खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। कोरियाई टीम में स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन और किम जे डेओक के अलावा ली वू सियोक तीसरे सदस्य थे।









# नायब गुरुग्राम में करेंगे 'नायाब' प्रयास, दो खेमों को एक साथ लाने की कवायद

## आज नामांकन के समय एक बार फिर राव समर्थक जुटाएंगे भीड़, दिग्गज नेता को अखर रही वोट में बदलने वाले चेहरों की कमी

नरेन्द्र वत्स ⏭ रेवाड़ी

- कांग्रेस ने अभी पत्ते नहीं खोले
- केंद्रीय मंत्री मोदी गारंटी के भरोसे वोटर्स को लुभा रहे

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर भाजपा के प्रभावी नेताओं का साथ नहीं मिलना इस बार पार्टी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट तौर पर झलका रहा है। खास समर्थक इस बार उनकी रिकॉर्ड मतों से जीत की दिलासा दिला रहे हैं, परंतु पहली बार अहीरवाल का दिग्गज नेता जीत के लिए सिर्फ मोदी के नाम से ही जीत की उम्मीद लगाए हुए है।

सीएम नायब सिंह सैनी 29 अप्रैल को गुरुग्राम में राव के नामांकन के समय उपस्थिति दर्ज कराते हुए उनके विरोधी खेमे से जुड़े नेताओं को एकमंच पर लाने की कवायद को सिरे चढ़ा सकते हैं। प्रत्याशी की घोषणा में देरी ने कांग्रेस के नेताओं से ज्यादा राव के माथे पर पसीना लाया हुआ है। उन्हें इस बात की पूरी आशंका सता रही है कि इस सीट पर नए चेहरे को मैदान में उतार दिया, तो उनके लिए लगातार चौथी बार जीत हासिल करने की डगर कठिन हो जाएगी। हर चुनावी सभा में वर्ष 1999 की 'तस्तरी में परोसी जीत' का जिक्र करना इस बात के साफ संकेत दे रहा है कि इस बार राव को राजनीतिक हालात अनुकूल नजर नहीं आ रहे। उनकी इलेक्शन मैनेजमेंट टीम भीड़ एकत्रित करने में तो किसी से कम नहीं है, परंतु भीड़ को वोट में बदलने का माद्दा उनके पास नहीं है।





### आज तस्वीर हो जाएगी साफ

कांग्रेस में रहते तत्कालीन सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भाजपा में रहते मनोहरलाल से दूरी बनाए रखने वाले राव इंद्रजीत सिंह की नैय्या पार लगाने में प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी पर इस बार बड़ा दारोमदार है। नामांकन के समय सीएम का उनके साथ खड़े होना ही काफी नहीं होगा, बल्कि नायब भाजपा के राव से दूरी बनाकर चलने वाले नेताओं को भी करीब लगाने का प्रयास कर सकते हैं। नामांकन के समय विरोधी खेमे से जुड़े नेता भी राव के नजदीक खड़े नजर आ सकते हैं।

### जनाधार रखने वालों ने बनाई दूरी

रेवाड़ी हलके में इस बार तस्वीर बदली हुई नजर आ रही है। गत लोकसभा चुनावों में अपने इस गृह क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव का तिलिस्म तोड़कर 80 हजार मतों से अधिक मार्जिन से जीतने वाले राव को इसी हलके में सबसे बड़ा खतरा नजर आ रहा है। गत लोकसभा चुनावों में राव विरोधी खेमे ने भी पार्टी धर्म निभाते हुए खुलकर उनका साथ दिया था। इस बार उनके साथ इस हलके में ऐसे नेताओं की भीड़ ज्यादा है, जिनके नाम से लोग दूर भागने को मजबूर हो जाते हैं।

### हिंदू संगठनों की नाराजगी पड़ सकती है भारी

नूंह हिंसा के दौरान मेवात के लोगों की सहानुभूति हासिल करने के लिए हिंदू संगठनों के खिलाफ दिए गया बयान का पासा उल्टा पड़ता नजर आने लगा है। राव को लेकर मेवात में इस बार हालातों में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों में रहते हुए लगातार तीन चुनावों में मेवात की जनता राव को नकार चुकी है। अहीर बाहुल्य हलकों में भाजपा के कई धुरंधरों से राजनीतिक विरोध उन्हें बार भारी पड़ता नजर आ रहा है। सामने खड़ी भीड़ को देखकर उत्साहित होने से ज्यादा राव को भीड़ के वोट बैंक में बदलने पर संशय दिखाई दे रहा है। भाजपा को लेकर लोगों में एंटी इंकमबेंसी नजर नहीं आ रही, लेकिन राव को लेकर 'अंडर करंट' उन्हें बड़ा झटका देने के लिए आगाह कर रहा है।

---

**सियासी हलचल**

## चुनाव की अधिसूचना से पहले सी-विजिल पर 2541 शिकायतें

**चंडीगढ़।** प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव-2024 को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचाने के लिए आयोग पूरी तरह सख्त है और राज्य में विभिन्न एजेंसियों द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि की मूवमेंट पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अब तक हरियाणा में 25.45 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि जब्त की गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा उक्त कार्रवाई की गई है।



## जी का जंजाल बना मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है, सरकार ने पोर्टल के खेल में किसानों को फसा कर रख दिया है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल किसानों के लिए जी का जंजाल बन गया है, पिछले 15 दिनों ने 10902 शिकायतें लंबित है, बिना सत्यापन के किसान मंडी में गेहूं की फसल तक नहीं बेच पा रहे है। सैलजा ने कहा कि सरसों, गेहूं आदि फसल एमएसपी पर बेचने के लिए पहले मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करना सरकार द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है। रबी सीजन में प्रदेशभर में 1103095 किसानों पर पोर्टल पर 6419348 एकड़ का पंजीकरण करवाया था जिसमें से केवल 6319060 एकड़ का सत्यापन हुआ।

---

**बीरेंद्र परिवार का इशारो-इशारों में हुड्डा गुट पर हमला**

# छलका दर्द : बृजेंद्र बोले, टिकट ऊपर से नहीं, यही नीचे से कटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

- समर्थकों से बोले, कांग्रेस को मजबूत करना होगा। पागल बनने में कोई फायदा नहीं

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव में वोट रोड रोलर की तरह चलेगा। जो आगे चंडीगढ़ तक ले जाएगा। जो रास्ते में रोडा बने उसे वोट की चोट से हटा देना। आप चाहते हो तो पेंट टाइट कर लो, मैं फिर खड़ा हो जाऊंगा आपकी लड़ाई लड़ना चाहता हूं। छह महीने का टाइम दे दो। हरियाणा की राजनीति में बड़ा बदलाव आएगा। कांग्रेस पार्टी जहां पर ड्यूटी लगाएगी, वहीं पर प्रचार के लिए जाएंगे। बीरेंद्र सिंह बेटे बृजेंद्र सिंह की टिकट कटने के बाद जींद में रविवार को बुलाई गई अपने समर्थकों की राज्यस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में बीरेंद्र सिंह के साथियों ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम नहीं लिए बैगर उनको खूब कोसा। कांग्रेस द्वारा टिकटों के लिए सर्वे पर भी सवाल उठाए। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा से उनका काफी समय पहले मोह भंग हो चुका था। भले ही पांच साल सांसद रहा हूं लेकिन राजनीतिक हिसाब से परिपक्व नही हूं।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व केंद्रीय बीरेंद्र सिंह व अन्य।

टिकट न मिलने पर उन्होंने कहा कि दुनिया उतनी सीधी तथा सरल दिखाई देती है, उतनी है नही। टिकट ऊपर से नही यही नीचे से कटी है। जिससे उसे झटका लगा है। भाजपा का अब अपनी हकीकत का पता चल चुका है। बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दो पर तो कोई बात पार्टी स्तर पर नही होती थी। केवल बड़े लोगों की बातें होती थी। अब उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। अब अपनी टीम के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करूंगा।

बाद में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यदि वह उनके साथी हैं, फिर कांग्रेस को मजबूत करना होगा। पागल बनने में कोई फायदा नही है। भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाने तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 52 साल की राजनीति में बड़े उतार चढ़ाव देखे हैं। जब कांग्रेस से बृजेंद्र को टिकट नहीं मिला तो उनके पास भाजपा के बड़े नेता का फोन आया कि मांडी बणगी। जिस पर उन्होंने कहा कि राजनीति में ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की राजनीति में बडा बदलाव आएगा। जिसकी अगुवाई बृजेंद्र सिंह करेगा। अभी इस पर जुआ रख दो। बृजेंद्र सिह आईएएस रहा है। सांसद भी बन गया। बृजेंद्र सिंह राहुल गांधी से मिला था। उसी दौरान उनका मन कांग्रेस में जाने का था।

### हिसार में प्रचार करने जाऊंगा

उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर व जनता की लड़ाई कांग्रेस ही लड सकती है। जिस समय उन्होंने भाजपा का ज्वायन किया था। उस दौरान लगा था कि विचारधारा मे कोई ज्यादा अंतर नही होगा लेकिन वहां जमीन आसमान का अंतर है। दस साल में वह नौकरी लगवाना तो दूर एक बदली भी नही करवा सका। वर्कर की कोई पहचान नहीं है। जिससे वे तंग आ चुके थे। 2027 में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था का दावा किया जा रहा है। कमेरा वर्ग की कोई बात नही कर रहा है। कभी धर्म कभी जाति का इस्तेमाल कर कब्जा कर लिया। ये चाहते हैं कि परमानेंट कब्जा हो जाए। अब पिछड़े वर्ग तथा एसी को भी विश्वास हो गया की उनका सब कुछ छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि वे किसानों के साथ शुरू से खडे हैं। बृजेंद्र सिह भाजपा का सांसद होते हुए किसानों के बीच गया था और उनके हक की बात कही थी। क्योंकि उनके अंदर छोटूराम का खून है। अभी सभी का कांग्रेस की तरफ रूझान है। राहुल गांधी ने यात्रा निकाल कर बड़ा काम किया है। बीरेंद्र सिंह ने हिसार लोकसभा में भी प्रचार करने की बात कही। लेकिन जयप्रकाश का नाम नहीं लिया। आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र से सुशील गुप्ता के लिए प्रचार करने की बात कही।

---

# दलाल के बगावती तेवरों ने बढ़ाई कांग्रेस की परेशानी

बिजेन्द्र शर्मा ⏭ फरीदाबाद



- फरीदाबाद से टिकट न मिलने पर हुड्डा के समधी नाराज
- झाड़सेंतली में आज करेंगे महापंचायत

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के समधी एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल के बगावती तेवरों ने फरीदाबाद की राजनीति में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। अब सोमवार को गांव झाड़सेंतली में आयोजित होने वाली महापंचायत पर सबकी निगाहें टिक गई है। काबिलेगौर यह है कि पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल चुनाव लड़ने की चाहत लिए पिछले दो वर्षों से फरीदाबाद के शहरी क्षेत्रों में सम्पर्क अभियान चलाए हुए थे। लोकसभा चुनाव के लिए जब उम्मीदवारों के नाम पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी में चर्चा शुरू हुई तो करण सिंह दलाल का नाम भी काफी मजबूती से लिया जा रहा था और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह यह भी थी कि करण सिंह दलाल के समधी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा वर्किंग कमेटी की बैठक में मजबूती से आगे बढ़ा रहे थे। कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने जब उम्मीदवारों के पैनल बनाए तो दलाल के साथ-साथ पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह का नाम भी शामिल कर दिया। इस बीच कई बार ऐसा भी प्रतीत होता रहा कि करण सिंह दलाल महेन्द्र प्रताप सिंह के मुकाबले काफी मजबूती से अपनी दावेदारी पेश कर रहे है। बताया गया है कि विगत दिनों आयोजित कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में मौजूद नेताओं ने पैनल में एक नाम रखने का सुझाव दिया था और वह नाम सिर्फ महेन्द्र प्रताप सिंह का था। बताया तो यह भी गया है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी में लिए गए फैसले से हुड्डा नाराज हो गए बैठक से चले गए थे।

---



## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

351. नरेश कुमार कौशिक सुपुत्र श्री विश्वनाथ गां. व डा. बेरी पाना छाजान नानेतराय गंज, बेरी, झज्जर 124201, 352. हरिश चंद्र सुपुत्र श्री सीताराम उप्पल 1528/21 चुन्नीपुरा, रोहतक 124001, 353. महेश कुमार सुपुत्र विजय सिंह पता सैंदपुर (अटेली मण्डी) अटेली, महेंद्रगढ़ 123021, 354. देवेन्द्र कुमार सुपुत्र तारा चंद गांव बुढ़ा खेड़ा, तहसील जुलाना, जींद 126101, 355. सुनील कुमार सुपुत्र ग्यारसी लाल, गांव भांडोर ऊँची,महेंद्रगढ़, 356. दिशा सुपुत्री मि. कैलाश वार्ड नं. 8, कनीना मंडी के पास, कनीना, महेंद्रगढ़ 123027, 357. हरिराम सुपुत्र प्रभुदयाल वार्ड नः 10 नांगल चौधरी पिन, 123023, 358. अनीता देवी पत्नी श्री सतीश कुमार अमृत कॉलोनी, रोहतक 124001, 359. गगन यादव सुपुत्र धर्मेंद्र गांव बत्वा कनीना कोसली, रेवाड़ी 1230303, 360. दीपचंद धीमान सुपुत्र स्व. श्री सरदारा राम मं.न. 132-आर-1 मॉडल टाउन रोहतक, 361. पूनम रानी पत्नी सुरेश कुमार शिव कॉलोनी बेरी गेट, झज्जर 124103, 362. महेंद्र सिंह सुपुत्र श्री मामचंद शर्मा गांव दुजाना, बेरी झज्जर 124202, 363. सदीक सुपुत्र बरकत वार्ड नं. 3, जुलाना, जींद 126101, 364. नरेंद्र सुपुत्र भीम सिंह आर्य स्वदेशी बिक्री केंद्र, जुलाना तहसील जुलाना, जींद 126101, 365. सतबीर सिंह सुपुत्र श्री तेलुराम गांव व डा. डुमरखां कलां तहसील उचाना, जींद 126116, 366. सुभाष चंद्र सुपुत्र सोहन लाल 774/24 नेताजी नगर, रोहतक 124001, 367. राजेश कुमार सुपुत्र रेहमु राम हरिनगर, नरवाना, जींद 126116, 368. बबली पत्नी श्री बलवंत सिवाच, पताः मोह. खेजराह वार्ड न. 9 पिनः 123029, 369. श्री कर्ण भाटिया सुपुत्र श्री राजकुमार, 569, दयानंद नगर, गली नं. 1, तह. बहादुरगढ़, झज्जर, 370. पूर्ण सिंह सुपुत्र श्री मीरसिंह गांव ढाणा डा. साल्हावास, झज्जर, 124146, 371. बालकिशन सुपुत्र श्री मांगेराम अकालगढ़ डॉ. बुढ़ाखेड़ा लाठर तहसील जुलाना, जींद 126101, 372. निरंजन लाल सुपुत्र माडुचंद गांव बजाड डा. रानिया अटेली, महेंद्रगढ़ 123021, 373. रामकुमार सुपुत्र श्री भागचंद गांव व डॉ. उचाना कलां, उचाना, जींद 126115, 374. चांदराम सुपुत्र श्री देईचंद, वार्ड-12 दुर्गा मंदिर वाली गली, जुलाना, जींद 126101, 375. कार्तिक सुपुत्र उमेश कुमार 1060/11 डेयरी मोहल्ला रोहतक, 376. पवन कुमार सुपुत्र रिसाल सिंह जै जै वन्ती, जुलाना, जींद 126114, 377. ऊषा पत्नी श्री उमेश कुमार 1833/11 डेयरी मोहल्ला रोहतक 124001, 378. दिवांशी सुपुत्री उमेश कुमार 1060/11 डेयरी मोहल्ला रोहतक 124001, 379. कुमारी प्रिया सुपुत्री रमेश कुमार पताः गांव कनीना वार्ड न.8 मेडका जहलान , 380. जनरैल सिंह सुपुत्र बलवीर सिंह एम्पलाइज कॉलोनी कोर्ट के पीछे जींद 126102, 381. सविरा सुपुत्री सत्यजीत नहाड, कनीना, कोसली, रेवाड़ी 123303, 382. केहर सिंह सुपुत्र श्री बल्लू राम 18/224 पुरुषोत्तम बाग, कुंजपुरा रोड, करनाल पिन 132001, 383. गोपीचंद सुपुत्र श्री प्रभाती लाल पताः बशीरपुर , नारनौल पिनः 123001, 384. रामस्वरूप बेनीवाल सुपुत्र छोटूराम बेनीवाल कृष्ण कॉलोनी, कुंदन सिनेमा तहसील 2 बास, जींद 126102, 385. राजेश कुमार सुपुत्र स्व. श्री जयभान म. नं. टी-61बी, रेलवे कॉलोनी, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 386. श्री राजकुमार सुपुत्र श्री रामानंद, उपमंडल बेरी, पाना बैठवान, तह. बेरी, झज्जर, 387. श्री सुखबीर सिंह सुपुत्र चौ. चंदगी राम म.नं. 438/34 जनता कॉलोनी, रोहतक 124001, 388. सत्यनारायण सुपुत्र श्री रामप्रसाद गांव बजाड़, रानिया अटेली महेंद्रगढ़ 123021, 389. राजिंद्र सिंह सुपुत्र रमेश चंद्र आनंद कॉलोनी, वार्ड नं. 12 सीआईए स्टाफ सफीदों के पीछे, सफीदों, जींद 126112, 390. गोरी शंकर मित्तल सुपुत्र रामकुमार मित्तल पताः बुक डिपो बस स्टैंड, कनीना, 391. सौरव शर्मा सुपुत्र विनोद कुमार विजय नगर म.नं. 583/7, रेवाड़ी 123401, 392. सितेंद्र सुपुत्र फुल सिंह गांव व डा. गतौली तहसील जुलाना, जींद 126101, 393. जगबीर सिंह सुपुत्र श्री साहब सिंह म. नं . 2232/12 कमल कॉलोनी, रोहतक 124001, 394. पूनम पत्नी विजय पता : जुलाना, जींद 126101, 395. विरेंद्र सुपुत्र विशाल सिंह, पताः मिलकपुर मेहता नारनौल,पिन, 123023, 396. शमशेर सिंह सुपुत्र सुजान सिंह उचाना खुर्द, उचाना, जींद 126115, 397. सुशीला पत्नी राजेश कुमार गांव बत्वा तहसील कोसली रेवाड़ी 123303, 398. श्री जयभगवान सुपुत्र श्री चंदगी राम, गांव खेड़ी दहिया, तह. खरखौदा, सोनीपत, 399. रतनलाल सुपुत्र श्री गणेशीलाल मौ. मीराजी शिवनगर, पुल बाजार, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 400. दीपक सुपुत्र घनश्याम नांगल चौधरी पिन, 123023.

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-

फोन : 9253681019, 9253681020




---

**जसिया रैली में बोले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल**

# कांग्रेस अब झूठे सपने बेचना चाह रही, जनता विश्वास नहीं करेगी

**रोहतक।** रोहतक लोकसभा क्षेत्र के गढ़ी-सांपला-कलाई हलके के गांव जसिया में भाजपा ने विजय संकल्प रैली की। इसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल शामिल हुए। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के शासन में हुए विकास कार्यों से कांग्रेस में बौखलाहट है। बौखलाई हुई कांग्रेस अब झूठे सपने बेचने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता कांग्रेस द्वारा दिखाए जा रहे झूठे सपनों पर कभी विश्वास नहीं करेगी। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा ने 10 सालों में विकास के इतने काम किए हैं जितने कांग्रेस 55 सालों में भी नहीं कर पाई। उन्होंने भूपेंद्र हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके 10 साल के शासनकाल के कारनामों को लोग अच्छी तरह से जानते हैं। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने निष्पक्ष तरीके से हल्का गढ़ी-सांपला-किलाई में ज्यादा विकास करवाया है और ज्यादा नौकरियां दी हैं। अब कांग्रेस के लोगों को चंडीगढ़ और दिल्ली जाने के लिए दूसरा जन्म ही लेना पड़ेगा।

### बोले- भाजपा जाटों का विरोध करती तो उपराष्ट्रपति और राज्यपाल नहीं लगती



पत्रकारों से बातचीत में मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जाटों का विरोध करती तो उपराष्ट्रपति और राज्यपाल नहीं लगती और न ही जाट समाज के महान पुरुषों का सम्मान करती। भाजपा ने हर जाति हर समाज के लिए समान रूप से विकास भी किया है और सम्मान भी दिया है उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने सभी समाजों की तरह जाट समाज को भी पूरा सम्मान दिया है। जो लोग भारतीय जनता पार्टी को जाट विरोधी बताते हैं, वे अपने गिरेबान में झांक कर देखें।

---

## इनेलो ने छह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र भरने की शेड्यूल किया जारी

- अभय चौटाला 1 मई को सुबह 10 बजे कुरुक्षेत्र में नामांकन भरेंगे

**चंडीगढ़।** इनेलो पार्टी ने अपने 6 लोकसभा उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतार दिए हैं। रविवार को इनेलो के पार्टी सचिव ने लोकसभा उम्मीदवारों के नामांकन की तिथि का शेड्यूल जारी किया। इनेलो के कुरूक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला 1 मई को सुबह 10 बजे कुरूक्षेत्र में अपना नामांकन भरेंगे। नामांकन भरने के बाद अभय सिंह चौटाला कुरुक्षेत्र शहर स्थित थीम पार्क में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। 2 मई को अंबाला के उम्मीदवार सरदार गुरप्रीत सिंह बाल्मिकी अपना नामांकन भरेंगे। 3 मई को हिसार की उम्मीदवार सुनैना चौटाला अपना नामांकन भरेगी। 4 मई को सोनीपत से पूर्व एसपी और द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप सिंह दहिया और सिरसा से उम्मीदवार संदीप लोट बाल्मिकी अपना नामांकन भरेंगे। वहीं करनाल से लोकसभा के उम्मीदवार वीरेंद्र मराठा ने रविवार को अभय सिंह चौटाला से मुलाकात की और इनेलो पार्टी का समर्थन मांगा। जिसके बाद विरेंद्र मराठा को इनेलो ने अपना समर्थन दिया है जो 30 अप्रैल को अपना नामांकन भरेंगे। इनेलो पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन भरने के समय इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला भी मौजूद रहेंगे।

## समस्त भारतीय पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष नीलम कांग्रेस में शामिल

**चंडीगढ़।** समस्त भारतीय पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष नीलम अग्रवाल ने अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ आज कांग्रेस का दामन थाम लिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। हुड्डा और उदयभान ने उनका पार्टी में स्वागत किया हुआ व पूरे मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। आज अखिल भारतीय युवा कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संस्थापक इंजीनियर खेमचंद कोली ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही समाजवादी पार्टी की हरियाणा ईकाई ने चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन का ऐलान किया।हुड्डा ने कहा नए नेता व कार्यकर्ता पार्टी में नई ऊर्जा लेकर आते हैं।

---

## दवेन्द्र बबली के कारण कार्यकर्ताओं की हुई अनदेखी : निशान सिंह



- जजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आज कांग्रेस में शामिल होंगे

**फतेहाबाद ।** जननायक जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने पार्टी छोड़ने के पीछे का कारण पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली को बताया है। कांग्रेस ज्वाइन करने से पहले निशान सिंह ने रविवार को फतेहाबाद के टोहाना में प्रेस वार्ता की और कहा कि टोहाना में देवेंद्र बबली के विधायक रहते हुए जेजेपी के कार्यकर्ताओं की अनदेखी हुई और इसके बाद उन्हें इस तरह के कड़े फैसले लेने पड़े।उन्होंने बताया कि वह सोमवार को सैकड़ों लोगो के साथ 2 बजे चंडीगढ़ कांग्रेस भवन में कांग्रेस ज्वाइन करने जा रहे हैं और इस दौरान कांग्रेस का कौन सा बड़ा नेता मौजूद रहेगा, यह उन्हें नहीं पता। यह पार्टी का काम है कि वह किसे भेजती है।उन्होंने कहा कि जेजपी छोडऩे के बाद उन्होंने अपने साथियों से रायशुमारी मांगी तो जनमत यही था कि कांग्रेस में जाना है, इसलिए उन्होंने कांग्रेस में जाने का निर्णय लिया।

## विधायक भव्य बिश्नोई पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी नियुक्त



- आदमपुर विधायक को चुनाव से पहले अहम जिम्मेदारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने और अन्य कारणों से नाराज चल रहे कुलदीप बिश्नोई परिवार का दबाव काम आ गया है। बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई को भाजपा में नई जिम्मेदारी दे दी गई है। मुख्यमंत्री और हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने उन्हें सीधे ही भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। इस आशय का पत्र भी भाजपा की ओर से जारी कर दिया गया है। भव्य बिश्नोई ने एक ट्वीट के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि बिश्नोई परिवार हिसार से टिकट का दावेदार था। पार्टी ने मतदान के पहले भव्य के नई जिम्मेदारी देकर क्षेत्र के मतदाताओं को संदेश दिया है। इससे पहले नाराज चल रहे कुलदीप बिश्नोई से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके दिल्ली स्थित आवास पर भेंट की थी।

## हीट वेव को देखते हुए मतदान केंद्रों पर की जाएगी अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था : चुनाव आयुक्त

- गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश में सर्वाधिक 25 लाख से अधिक मतदाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि हीट वेव को देखते हुए मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए मतदान प्रतिशतता 70 प्रतिशत थी और इस बारे इसे कम से कम 75 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके लिए विभाग द्वारा कई अनूठी पहल की गई हैं, जिनमें वोटर इन क्यू एप, मतदाताओं को शादी-ब्याह की तरह मतदान के निमंत्रण कार्ड तथा ग्लोबल सिटी गुरुग्राम की बहुमंजिला सोसाइटियों में 31 पोलिंग बूथ बनाया जाना शामिल है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल से चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी और प्रदेश 10 लोकसभा क्षेत्रों के 1 करोड़ 99 लाख 81 हजार 982 मतदाता 10 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। उन्होंने बताया कि अंबाला विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख 51 हजार 443 पुरुष, 9 लाख 35 हजार 635 महिला तथा 76 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इसी तरह से कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 9 लाख 38 हजार 29 पुरुष, 8 लाख 50 हजार 439 महिला, 23 ट्रांसजेंडर, सिरसा लोकसभा क्षेत्र में 10 लाख 20 हजार 510 पुरुष, 9 लाख 11 हजार 339 महिला, 41 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में 9 लाख 52 हजार 598 पुरुष, 8 लाख 32 हजार, 569 महिला, 11 ट्रांसजेंडर, करनाल विधानसभा क्षेत्र में 11 लाख 3 हजार 606 पुरुष, 9 लाख 92 हजार 721 महिला, 37 ट्रांसजेंडर, सोनीपत विधानसभा क्षेत्र में 9 लाख 40 हजार 969 पुरुष, 8 लाख 20 हजार 483 महिला तथा 44 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।




# बड़ी पंचायत में जाने की इच्छा लोस रण में कूदे कई विधायक

**आधा दर्जन विधायकों की प्रतिष्ठा इस बार के चुनाव में दांव पर**

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश विधानसभा में जनता के आशीर्वाद से प्रवेश पा जाने वाले विधायकों में कुछ की इच्छा देश की सबसे बड़ी पंचायत में जाने की होती है, इस बार भी आधा दर्जन वर्तमान विधानसभा के विधायक इस सियासी जंग के लिए लोकसभा चुनावों में कूद गए हैं। हालांकि उनके दोनों ही हाथों में लड्डू हैं, यहां सफलता मिली, तो ठीक वर्ना विधायक तो बने ही रहेंगे, बाद में राज्य के अंदर होने वाले विधानसभा चुनावों में भाग्य आजमा लेंगे। लोकसभा की दस सीटों पर इस बार भी छह विधायकों पर पार्टियों की ओर से दांव खेला जा रहा है। इसमें से कांग्रेस की ओर से दो विधायकों पर दांव खेलने के लिए उन्हें मैदान में उतारा गया है। वहीं भाजपा, इनेलो और जजपा ने एक-एक विधायक को चुनावी समर में उतार दिया है। लोकसभा चुनावों की सियासी जंग में हरियाणा में छह विधायकों पर राजनीतिक दलों ने दांव खेल दिया है।


मनोहर लाल | चौधरी रणजीत सिंह | अभय चौटाला | नैना चौटाला | मोहन लाल बड़ौली | रावदान सिंह | वरुण चौधरी

### सबसे ज्यादा कांग्रेस ने उतारे

सबसे देर में टिकट घोषित करने वाली कांग्रेस पार्टी की ओर से दो, भाजपा-जजपा और इनेलो ने एक एक विधायक को लोकसभा के सियासी मैदान में उतारा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और पूर्व विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री खुद भी लोकसभा के लिए किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि पूर्व सीएम मनोहरलाल केवल मात्र सीएम पद से ही नहीं बल्कि वे तो करनाल सीट पर भाग्य आजमाने को लेकर पहले ही विधानसभा में इस्तीफा दे चुके हैं। वहीं निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला भाजपा की टिकट पर हिसार लोकसभा से ताल ठोक रहे हैं। वैसे अभी उनका मंत्री और विधायक पद बना हुआ है।

### छोटे सदन से बड़े में जाने की तैयारी

अब देखना यह होगा कि छोटे से सदन से देश की सबसे बड़ी पंचायत में इनमें से कितने चेहरे पहुंचते हैं, या फिर लोकसभा चुनावों के बाद में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए उन्हें एक बार फिर पसीना बहाना पड़ेगा। कुल मिलाकर यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

### भाजपा ने पूर्व सीएम मनोहर लाल, रणजीत चौटाला और विधायक बड़ौली को उतारा

भाजपा ने राई से जहां विधायक मोहन लाल बड़ौली को सोनीपत लोकसभा से चुनाव मैदान में उतारा था। वहीं, भाजपा ने मौजूदा सांसद रमेश कौशिक का टिकट काटकर मोहनलाल बड़ौली पर विश्वास जताते हुए उन्हें मैदान में उतार दिया था। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मैदान में हैं। इनके साथ ही हिसार से भाजपा ने रानियां से निर्दलीय विधायक रणजीत चौटाला को टिकट दी है। इनेलो ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला कुरुक्षेत्र से अपनी किस्मत अजमा रहे हैं, इसी क्रम में जजपा से बाढ़डा विधायक नैना चौटाला हिसार से चुनाव मैदान में उतरी हैं। गत दिवस ही कांग्रेस की आठ उम्मीदवारों की सूची में दो विधायकों को लोकसभा के रण में उतारा गया है। अंबाला लोकसभा से मुलाना विधायक वरूण चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से महेंद्रगढ़ से विधायक रावदान सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है।

# अंबाला लोस सीट: कांग्रेस के रामप्रकाश के नाम पर लगातार जीत की हैट्रिक का रिकॉर्ड

डॉ. अशोक अंटवाल ▶▶| अंबाला


रामप्रकाश | बंतो कटारिया | कुमारी सैलजा

■ सैलजा और कटारिया रामप्रकाश की नहीं कर पाए बराबरी

कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित होने के साथ ही अंबाला संसदीय (सुरक्षित) सीट पर चुनावी बिसात बिछ चुकी है। भाजपा अपनी उम्मीदवार बंतो कटारिया का नाम काफी समय पहले घोषित कर चुकी है। बसपा व इनेलो भी अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। ऐसे में अब नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही अगले कुछ दिनों में सियासी पारा चढ़ जाएगा। इस सीट से लगातार तीन बार जीत की हैट्रिक केवल कांग्रेस के रामप्रकाश ही लगा चुके हैं। भाजपा के दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया भी इस सीट से तीन बार नर्विाचित हो चुके हैं। 18 मई 2023 को उनका निधन हो गया था। रिक्त हुई अंबाला लोकसभा सीट पर भारतीय चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव नहीं कराया गया। अब इस सीट पर आम चुनाव हो रहा है। अंबाला लोकसभा सीट वर्ष 1962 से अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है। इस प्रकार इस सीट पर केवल एससी वर्ग का योग्य व्यक्ति ही चुनाव लड़ सकता है। इस संसदीय सीट में मतदाताओं की संख्या मौजूदा तौर पर 19 लाख 78 हजार 278 है। मई 2019 में जब पिछले लोकसभा आम चुनाव के दौरान इस सीट पर 18 लाख 53 हज़ार मतदाता थे। गत पांच वर्षों में इस सीट पर मतदाताओं की संख्या सवा लाख बढ़ी है। 1962 लोकसभा चुनावों से अंबाला लोकसभा सीट संयुक्त पंजाब का हिस्सा थी। तब इस सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया था। वर्ष 1952 लोस चुनाव में अंबाला लोकसभा सीट से कांग्रेस के टेक चंद सांसद बने थे। जबकि वर्ष 1957 मेंइस सीट से दो सांसद नर्विाचित हुए जिनमें कांग्रेस की सुभद्रा जोशी और चुन्नी लाल थे। 1962 में कांग्रेस के चुन्नी लाल नर्विाचित हुए। राम प्रकाश और जनसंघ/ भाजपा से सूरज भान 4-4 बार, कांग्रेस की कुमारी सैलजा को 2 बार सफलता मिल चुकी है।

### रामप्रकाश 1984, 1989 और 1991 में जीते

अंबाला लोकसभा सीट पर लगातार जीत की हैट्रिक का रिकार्ड अब तक कांग्रेस के राम प्रकाशके नाम है। रामप्रकाश 1984, 1989 और 1991 में लगातार3 चुनावोंमें नर्विाचितहोकर लोकसभा पहुंचे थे। इससे पूर्व 1971 चुनाव में भी राम प्रकाश रिकॉर्ड 70 प्रतिशत वोट प्राप्त कर अंबाला लोकसभा सीट से पहली बार सांसद नर्विाचित हुए थे। सूरज भान 1967, 1977, 1980 और 1996 में पहले जनसंघ, फिर जनता पार्टी व बाद में भाजपा से लोकसभा सांसद नर्विाचित हुए थे।

## खबर संक्षेप

### मनोहर लाल को 21,000 ब्राह्मण देंगे आशीर्वाद

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के जन्मदिन पर 21 हजार ब्राह्मण उन्हें प्रचंड विजयश्री का आशीर्वाद देंगे। यह भव्य आयोजन भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अगुवाई में 5 मई को करनाल की पुरानी सब्जी मंडी में होगा।

### गुरुग्राम में मैराथन से दिया वोट देने का संदेश

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत आज सुबह 6 बजे ताऊ देवीलाल स्टेडियम से मेफील्ड गार्डन और वापस स्टेडियम परिसर तक पांच किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कांग्रेस ओछी राजनीति पर उतरी : सत्यप्रकाश

**चंडीगढ़।** अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष (एससी) एवं पटौदी से विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि देश में मोदी की बढ़ती लोकप्रियता कांग्रेस को हजम नहीं हो रही है और अनाप-शनाप षडयंत्र रचने का काम कर ओछी राजनीति कर रही है।

# खेत जोत रहे किसान के चुनाव चिन्ह के आगे ढह गए थे 'कांग्रेस के अरमान'

**भारतीय लोकदल (जपा), कांग्रेस व भाजपा ने एक-एक बार किया लोस चुनाव में क्लीन स्वीप**

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के अस्तित्व में आने के बाद से प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में तीन बार अलग-अलग पार्टियों को दस की दस सीटों पर आशीर्वाद देकर क्लीन स्वीप किया है। खास बात यह है कि वर्ष 1977 में जहां खेत जोत रहे किसान के ( चुनाव चिन्ह) ने हरियाणा की जनता को अपने मोहपाश में बांधकर सभी दस सीटों पर भारतीय लोकदल (जनता पार्टी) को विजयी बनाकर कांग्रेस के अरमानों पर पानी फेरा। वहीं, 1984 में हाथ के पंजे के चुनाव चिन्ह ने प्रदेश की सभी दस सीटों पर कांग्रेस की जीत का परचम फहराकर क्लीन स्वीप किया।

इसके बाद वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कमल का फूल प्रदेश की जनता की पसंद बन गया और भाजपा को सभी दस सीटों पर जीत का सेहरा पहना दिया। इस बार वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा की जनता किसी एक पार्टी को सभी दस सीटों पर जीत का सेहरा पहनाकर क्लीन स्वीप करेगी या फिर सभी दलों पर अपनी कृपा बरसाएगी। यह अभी भविष्य के गर्भ में है और चार जून को आने वाले परिणाम पर निर्भर करता है।

### भारतीय लोकदल (जपा) ने किया क्लीन स्वीप

चुनावी नतीजों के आंकड़ो के मुताबिक प्रदेश में वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात और भारतीय जनसंघ व निर्दलीय ने एक एक सीट पर विजय हासिल की। वहीं, 1971 में कांग्रेस को सात सीटें मिलीं और भारतीय जनसंघ व विशाल हरियाणा पार्टी को एक-एक सीट मिली। इसके बाद वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की नीतियों से तंग आकर सात विपक्षी दलों ने मिलकर भारतीय लोकदल ( जनता पार्टी) का गठन किया और एकजुट होकर प्रदेश की सभी दस सीटों पर चुनाव लड़ा। इस दौरान जनता पार्टी की देश व प्रदेश में एक तरफा लहर चली। इस लहर के चलते प्रदेश की जनता ने सभी दस सीटों पर जनता पार्टी को आर्शीवाद देकर जीत का सेहरा पहना दिया। इस चुनाव में कांग्रेस के बड़े बड़े दिग्गज नेता चुनाव हार गए।

### वर्ष 1977 में इन्हें पहनाया जनता ने ताज

वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी के जो उम्मीदवार चुनाव जीते उनमें अंबाला से सूरज भान, भीवानी से चंद्रावती, फरीदाबाद से धर्मवीर वशिष्ठ, हिसार से इंद्र सिंह, करनाल से भगवत दयाल, कुरुक्षेत्र से रघबीर सिंह, महेंद्रगढ़ से मनोहर लाल, रोहतक से शेर सिंह, सिरसा से चांदराम व सोनीपत से मुख्तियार सिंह सांसद निर्वाचित हुए।

### जनता पार्टी के टूटने पर कांग्रेस हुई मजबूत

वर्ष 1980 में जनता पार्टी में दरार पड़ गई और उससे जुड़े दलों ने अपनी अपनी राह पकड़ ली। जिसका सीधा फायदा कांग्रेस को हुआ। यही वजह रही कि वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने इतिहास रच दिया और सभी दस सीटों पर जीत हासिल कर क्लीन स्वीप कर दिया। मगर इसके बाद कांग्रेस अब तक कभी भी प्रदेश की दस की दस सीटों पर जीत का परचम नहीं फहरा सकी। हालांकि वर्ष 1991, 2004 व 2009 के चुनाव में कांग्रेस प्रदेश में नौ सीटें जीतने में सफल हुई थी। मगर सभी दस सीटों पर क्लीन स्वीप नहीं कर सकी।

### भाजपा का खिला कमल

हरियाणा में भाजपा का कमल सही रुप से वर्ष 2019 से खिलना शुरु हुआ। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अकेले अपने दम पर लोकसभा का चुनाव लड़ा और सभी दस सीटों पर जीत का परचम फहराने में सफल रही। हालांकि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जनहित कांग्रेस के साथ गठबंधन करके आठ सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें वह सात सीटों पर विजय हासिल करने में कामयाब रही थी।

### -क्या इतिहास दोहराएगी भाजपा

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव का रण पूरे यौवन पर है। भाजपा समेत तमाम पार्टियों ने चुनावी रण क्षेत्र में अपने योद्धा मैदान में उतार दिए हैं। मगर प्रश्न यह है कि क्या सत्तारुढ़ भाजपा इस बार के चुनाव में भी वर्ष 2019 का इतिहास दोहरा पाएगी या फिर क्लीन स्वीप करने से चूक जाएगी। यह अभी भविष्य के गर्भ में है।

**रादौर विजय संकल्प रैली में सीएम सैनी का तंज**

# कांग्रेस के अनेक नेता पार्टी में घुटन महसूस कर रहे

**रादौर (यमुनानगर)/पंचकूला।** मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस के अनेक नेता कांग्रेस में घुटन महसूस कर बाहर निकलने का रास्ता देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के कांग्रेस छोड़ने की घोषणा का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा के भी कई कांग्रेसी नेता वर्तमान में रास्ता देख रहे हैं कि किस रास्ते से उन्हें निकलना है। मुख्यमंत्री रविवार को




रादौर में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल के पक्ष में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

# हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान

**संस्कृति मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य और अध्यापक को नोटिस**


**चंडीगढ़।** निजी स्कूलों के पैटर्न पर खोले गए संस्कृति मॉडल स्कूलों में दाखिले पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने दाखिला नहीं देने पर संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-26 के प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यही नहीं आयोग की ओर सो जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाते हुए तीन दिन के भीतर दाखिला करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, गुलाब सिंह ने हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को शिकायत दी कि उसके बच्चे हसंजोत का छठी कक्षा में दाखिला नहीं किया गया, जोकि शिक्षा अधिनियम 2005 की धारा 16 का उल्लंघन है। आयोग की ओर से इस संज्ञान लेते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य और छठी कक्षा के प्रभारी शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर बच्चे के प्रवेश नकारने के आधार का स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि स्पष्टीकरण में सभी कानूनी और नियामक मानदंडों को उल्लेखित करके विस्तृत स्पष्टीकरण भेजा जाए। यही नहीं आयोग द्वारा कानूनी उल्लंघना के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है। प्रधानाचार्य और कक्षा प्रभारी को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण जवाब आयोग के कार्यालय में जमा कराना होगा।

**घोटाले का खुलासा हरिभूमि ने 11 सितंबर 2022 के अंक में किया था**

# सरकारी मिट्टी बेचने के घोटाले में जेई-एसडीई के विरुद्ध डेढ़ साल बाद विभागीय जांच शुरू

■ गांव सिलानी केशो में स्थित हरियाणा पर्यटन निगम की जमीन को समतल करने के नाम पर 3 साल पहले किया था लाखों रुपये का घोटाला

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़



हरियाणा हरिभूमि 2
मिट्टी उठाई 21 लाख की और जुर्माना मात्र एक लाख, गांव सिलानी केशो में स्थित हरियाणा पर्यटन निगम की जमीन को समतल करने के नाम पर लाखों का घोटाला

विभागीय जांच के लिए जारी किया गया आदेश एवं हरिभूमि के 11 सितंबर 2022 के अंक में प्रकाशित खबर।

भ्रष्टाचार के मामले में त्वरित कार्रवाई का दावा करने वाली हरियाणा सरकार ने तीन साल पहले सरकारी मिट्टी बेचने के घोटाले में अब आरोपी जेई व एसडीई के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू कर दी है। इस घोटाले का खुलासा हरिभूमि ने 11 सितंबर 2022 के अंक में किया था। खबर छपने के डेढ़ साल बाद जांच के आदेश हुए हैं। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार इस मामले में आरोपियों से लाखों रुपए की वसूली करने की तैयारी भी चल रही है।

बता दें कि हरियाणा पर्यटन निगम ने झज्जर के निकट गांव सिलानी केशो में पंचायत से 21 कनाल 2 मरले जमीन खरीदी थी। निगम द्वारा खरीदी गई इस भूमि पर मिट्टी के ऊंचे टीले थे। निगम द्वारा अक्टूबर-2014 में लैंडमार्क सर्वे एंड इंजीनियर्स से इसके नेचुरल सर्फेस लेवल करवाए थे। एनएसएल सर्वे में न्यूनतम लेवल 99.027 मीटर, अधिकतम लेवल 103.901 मीटर और औसत लेवल 101.67 मीटर मिला था। निगम ने इसकी चारदीवारी आदि के लिए 4 अक्टूबर 2019 को निविदाएं आमंत्रित की थी। यह कार्य रजनीश कुमार ठेकेदार को अलॉट हुआ था। एचटीसी द्वारा जेई सुरेश फौगाट, रवींद्र कुमार, एसडीई सतीश चौहान, एक्सईएन अजय तनेजा और गौतम कुमार की देखरेख में यह काम करवाया गया। इस काम के दौरान अधिकारियों से मिलीभगत कर लाखों रुपए की मिट्टी गायब कर दी गई। आरोपियों ने साथ लगती पंचायती जमीन से भी लाखों रुपए की मिट्टी खोदकर बेच दी थी। चारदीवारी के इस काम के भुगतान के नाम पर एक्सईएन को देने के लिए कनिष्ठ अभियंता सुरेश फौगाट ने 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। फरीदाबाद विजिलेंस ने 2 अगस्त 2022 को जेई सुरेश को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। यह भी खुलासा हुया था कि जेई इस काम के भुगतान के लिए 80 हजार रुपए पहले ही रिश्वत के तौर पर ले चुका था। खनन विभाग की जांच के दौरान साथ लगती पंचायती जमीन से करीब 10 फुट मिट्टी खुदी मिली। करीब 6100 मेट्रिक टन मिट्टी खोदी गई थी। ठेकेदार ने खनन विभाग में केवल एक हजार मेट्रिक टन मिट्टी की रॉयल्टी व जुर्माने के रूप में 24 हजार रुपए जमा करवाए थे। ऐसे में खनन विभाग ने शेष 51 सौ मेट्रिक टन मिट्टी उठाने के एवज में 81 हजार 400 रुपए रॉयल्टी व जुर्माना लगाया था। जबकि बाजार में इसकी कीमत 20 लाख से अधिक थी। कई शिकायतों के बाद पर्यटन निगम भी जाग गया है। निगम के एमडी द्वारा 10 अप्रैल को आदेश जारी किए गए। जिसके आधार पर जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता मनोज बंसल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। आरोपी जेई सुरेश फौगाट और एसडीई सतीश चौहान के विरुद्ध विभागीय जांच के लिए एक मई की तारीख तय की गई है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र के अनुसार भूमि समतल करने व चारदीवारी के नाम पर टूरिज्म के अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर सवा लाख घन फुट से अधिक मिट्टी का अवैध खनन कर बेच दिया गया। लाखों रुपए के इस घोटाले में बडे. अधिकारी भी शामिल हैं। शिकायत के डेढ़ साल बाद जांच शुरू करना विभाग की सजगता को दर्शाता है।

JAYPEE EDUSPHERE | IGNITED MINDS INSPIRED SOULS

WE HAVE SET THE BAR HIGH AGAIN
HERE IS THE PROOF
JUIT IS NOW A+ UPGRADE ACCREDITED BY NAAC
JAYPEE UNIVERSITY OF INFORMATION TECHNOLOGY
SOLAN, HIMACHAL PRADESH



NAAC ACCREDITED GRADE A+

JUIT is now accredited with the grade A+ by National Assessment and Accreditation Council (NAAC)

We are thrilled to announce that JUIT has achieved an outstanding A+ grade by National Assessment and Accreditation Council (NAAC). We extend our heartfelt appreciation and gratitude to every member of our esteemed institution, the management. students, staff, and non-teaching Staff. This remarkable accomplishment is the result of our collective dedication and commitment to excellence.

- First private university of Himachal Pradesh
- World class infrastructure. Amongst 15 most beautiful campuses in India by an Independent Agency.
- Highest package 50 Lacs (2022) and average package 7.01 Lacs (2023).
- 8000+ alumni excelling across the globe.
- 85% faculty are PhD, mostly from IITs, NITs and abroad.
- Located on Chandigarh Shimla highway, 20 KM short of Shimla.

JAYPEE GROUP NO DREAM TOO BIG
Join Us
Visit www.juit.ac.in

For all admission related queries:
Mobile number: 7807868400. 7807868600
Landline number: 01792-239360, 239560, 239558
E-mail: admission2024@juitsolan.in

Scan the code to know more

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे आगे रहा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान फर्मों में छह का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 641.83 अंक या 0.87 प्रतिशत बढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 45,158.54 करोड़ रुपये बढ़कर 7,15,218.40 करोड़ रुपये हो गया।

### अदाणी कॉनेक्स बैंकों से जुटा रही 1.44 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** अदाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स की समान हिस्सेदारी वाले संयुक्त उद्यम (जेवी) अदाणी कॉनेक्स ने लगभग 1.44 अरब डॉलर (लगभग 11,520 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। डेटा सेंटर बनाने वाली कंपनी ने रविवार को बताया कि यह देश में सबसे बड़ा पर्यावरण अनुकूल वित्तपोषण है।

### बीते सप्ताह सरसों-बिनौला में सुधार, बाकी में गिरावट

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों के अनुमान के विपरीत सरसों और कपास की आवक घटने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। देश में इन तेलों की आपूर्ति की स्थिति में सुधार के बीच सोयाबीन एवं मूंगफली तेल तिलहन, सीपीओ एवं पामोलीन तेल के भाव में गिरावट देखने को मिली।

### एयू स्माल बैंक तीन साल में कारोबार दोगुना करेगी

**नई दिल्ली।** एयू स्माल फाइनेंस बैंक तीन साल में अपने बहीखाते का आकार दोगुना कर 2.5 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य बना रहा है। देश में बढ़ती खपत की प्रवृत्ति से मदद मिलेगी। बैंक ने इस सप्ताह 'एयू रेमिट' के साथ विदेशी मुद्रा कारोबार में और 'एयू डिजीट्रेड' के साथ सीमा पार व्यापार में अधिकृत डीलर (एडी-आई) लाइसेंस शुरू किया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टेस्ला के सीईओ ने सबको चौंकाया, भारत की यात्रा टाल चीन पहुंचे एलन मस्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इसी महीने भारत आने वाले थे। यहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी होने वाली थी। इसे लेकर भारत में काफी उत्साह का माहौल था। कई तरह की तैयारियां भी की जा रही थीं। हालांकि, आखिरी समय में उनकी यात्रा टालने की खबर आई थी।

- टेस्ला ऑटोनोमस टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाना चाहते हैं

टेस्ला के सीईओ ने कहा था कि वह फिलहाल कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं इसलिए भारत की यात्रा कुछ महीनों बाद करेंगे। अब एलन मस्क अचानक चीन पहुंच गए हैं। इलेक्ट्रिक वेहिकल सेक्टर की दिग्गज कंपनी के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की बजाय चीन की यात्रा पर पहुंचने से कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

## मस्क चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच करने बात करेंगे

### फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर लांच की तैयारी

रायटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क की इस यात्रा की भनक किसी को नहीं थी। वह सबको अचंभित करते हुए बीजिंग पहुंचे हैं। यहां वह चीन सरकार के बड़े अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वह चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच करने के बारे में बात करने के लिए बीजिंग पहुंचे हैं। वह चीन सरकार से इस सॉफ्टवेयर से मिलने वाले डेटा के विदेश में इस्तेमाल की मंजूरी भी मांगेंगे ताकि टेस्ला की ऑटोनोमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाया जा सके। एलन मस्क ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि जल्द ही चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच किया जाएगा।



### चीन का डेटा अमेरिका नहीं ले जा पाई है टेस्ला

रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला ने साल 2021 से ही चीन में डेटा इकठ्ठा करना शुरू कर दिया था। यह डेटा शंघाई में मौजूद है। अभी यह डेटा वह अमेरिका नहीं ले गई है। एलन मस्क इसी डेटा को अमेरिका ले जाना कहते हैं। टेस्ला ने लगभग 4 साल पहले ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर लांच कर दिया था। चीन के कस्टमर्स भी लंबे समय से इसकी डिमांड कर रहे हैं। मगर, टेस्ला अभी तक उन्हें यह सॉफ्टवेयर नहीं दे पाई है।

### इंडिया में प्लांट के लिए आने वाले थे एलन मस्क

पिछले कुछ महीनों से एलन मस्क द्वारा टेस्ला का प्लांट इंडिया में लगाने की चर्चाएं जोरों पर थीं। भारत सरकार ने हाल ही में अपनी नई ईवी पॉलिसी में विदेशी कंपनियों को कई छूट भी दी थीं। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि टेस्ला की एक टीम बहुत जल्द भारत का दौरा करने वाली है। यह टीम टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए सही जगह की तलाश करने के लिए भारत आने वाले थी। टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए कई राज्य सरकारें भी उत्साहित थीं। यहां तक की रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेस्ला के बीच प्लांट को लेकर वार्ता का दावा भी किया गया था। ऐसा माना जा रहा था कि एलन मस्क पीएम मोदी से मिलने के बाद भारत में एंट्री की घोषणा करेंगे।

## अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन एकत्र किया

# सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया। शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं।

### सेबी ने हालिया आदेश में दिया निर्देश

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा, 'सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।'

### उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि 'कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो।' सेबी ने इस साल जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

*भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे।*



*निवेशकों से धन इकट्ठा करने से भी रोक दिया गया : उन्हें किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) को शुरू करने से रोकने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही, उन्हें मौजूदा योजनाओं के माध्यम से भागीदारों या निवेशकों से धन इकट्ठा करने से भी रोक दिया गया है।*

- धन संग्रह की जांच के नतीजे आते तक प्रतिभूति बाजार में रहेंगे प्रतिबंधित
- निदेशकों के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा
- मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं

### कंपनी ने जनता को निवेश योजनाएं पेश की थी

सेबी ने अपनी जांच में पाया कि ग्रोपिटल ने कृषि क्षेत्र में जनता को विभिन्न निवेश योजनाएं पेश कीं। इसने कृषि क्षेत्र में निवेश के माध्यम से 11 से 14 प्रतिशत की सीमा में निश्चित कर-मुक्त लाभ की पेशकश करने का भी दावा किया।

### एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ी

परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों ने हाल ही में इस थीम पर आधारित योजनाएं शुरू करने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा पत्र जमा किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के मुताबिक तीन एएमसी - व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको - ने मार्च-अप्रैल के दौरान, विशेष अवसर वाले कोष के लिए मसौदा पत्र दाखिल किए हैं।

### बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने करती है निवेश

इस समय आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं। जैसे, एक कंपनी, क्षेत्र या समूची अर्थव्यवस्था के किसी अवसर या चुनौती का सामना करने पर निवेश करना।

### म्यूचुअल फंड भी ले रहे दिलचस्पी

आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने कहा कि विशेष अवसर वाले कोष ऐसी कंपनियों में निवेश करते हैं, जो नियामक या नीतिगत बदलाव, प्रबंधन का पुनर्गठन, तकनीकी बाधा या अस्थाई चुनौती से जूझ रही होती हैं। इन कोषों को पहले वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) की श्रेणी -1 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था। म्यूचुअल फंड अब व्यापक निवेशक आधार को आकर्षित करने के लिए इनमें दिलचस्पी ले रहे हैं।

# इस्पात आयात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेन्द्रन ने कहा है कि चूंकि इस्पात आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है। नरेन्द्रन ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, 'यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है।' मांग पर एक अलग प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस्पात की खपत आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस्पात उत्पादक चीन सहित कुछ देशों से बढ़ते आयात पर चिंता जता रहे हैं और इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। घरेलू कंपनियां भी आयात पर अंकुश लगाने और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की समीक्षा की मांग कर रही हैं। नरेन्द्रन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि एफटीए की समीक्षा करना आसान होगा। लेकिन यह सरकार को तय करना है।'



- टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन ने किया आगाह
- आयात बीते वित्त वर्ष में 38 फीसदी बढ़कर 83 .19 लाख टन

### भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़ा

बिगमिंट (पूर्व में स्टीलमिंट) के आंकड़ों के अनुसार, भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन वित्त वर्ष 2022-23 में 12.6 करोड़ टन से लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 14.4 करोड़ टन हो गया।

## वैश्विक रुझानों से घरेलू शेयर बाजार की चाल होगी निर्धारित



**नई दिल्ली।** कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विशेषज्ञों ने बताया कि इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि मासिक ऑटो बिक्री के आंकड़े मई की शुरुआत में घोषित किए जाएंगे और मतदान का अगला चरण महत्वपूर्ण होगा। मीना ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, एक मई को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा चीन और अमेरिका से जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों के साथ ही वैश्विक मुद्रा बाजार में होने वाली हलचल भी बाजार को प्रभावित करेगी।

## एचसीएल टेक का लाभ 3,986 करोड़ पर स्थिर



**नई दिल्ली।** भारत की तीसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 3,986 करोड़ रुपये पर सपाट रहा। एचसीएल ने बताया कि हालांकि पिछली तिमाही की तुलना में कंपनी का शुद्ध लाभ 8.4 प्रतिशत घट गया। यह गिरावट दुनियाभर में आईटी व्यय कम होने के बीच कर्मचारी मद में लागत बढ़ने के कारण आई। मार्च तिमाही के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,986 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2022-23 की मार्च तिमाही में यह 3,983 करोड़ रुपये था। एचसीएल टेक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 8.4 प्रतिशत घट गया। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4,350 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए स्थिर मुद्रा के आधार पर राजस्व में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि और कर पूर्व आय (ईबीआईटी) मार्जिन 18-19 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है।

## एलन के टॉप 5 में 3 सहित टॉप-100 में 34 स्टूडेंट्स

भाषा ▶▶ कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मेन 2024 के परिणामों के बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में सेलीब्रेशन गुरुवार को हुआ। इस अवसर पर एलन के निदेशक डॉ. नवीन माहेश्वरी ने टॉप रैंकर्स को मालाएं पहनाकर अभिनन्दन किया। विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी स्वागत किया गया। फैकल्टीज, पेरेन्ट्स व स्टूडेंट्स ने मिलकर केक कटिंग की। निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि एलन क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। रैंक-2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेश संजय मिश्रा व रैंक 4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे। इसके साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही आल इंडिया रैंक 16 पर रहे मोहम्मद सुफियान तथा रैंक-22 पर रहे हिमांशु सहित सभी 5 विद्यार्थियों ने परफेक्ट स्कोर प्राप्त किया। आल इंडिया टॉप-50 में 16, टॉप-100 में 34, टॉप-500 में 176, टॉप 1000 में 323 स्टूडेंट्स शामिल हैं। एलन के 25 हजार 708 स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है। इसमें 20039 स्टूडेंट्स क्लासरूम व एलन डिजिटल लाइव क्लासेज तथा 5669 स्टूडेंट्स दूरस्थ शिक्षा व एलन डिजिटल ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से एलन से जुड़े हैं। इंडिविजुएल सब्जेक्ट में 514 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेन्टाइल स्कोर प्राप्त किया है।



## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (JUIT), सोलन, हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा पांच वर्षों के लिए A+ ग्रेड दिया गया है

**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (JUIT) को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा मान्यता के तीसरे चक्र में 3.40 के ग्रेड प्वाइंट के साथ A+ ग्रेड दिया गया है। यह परिणाम एनएएसी द्वारा 25 अप्रैल 2024 को घोषित किया गया है। एनएएसी अपनी कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए जाना जाता है, जिसने जेयूआईटी के बुनियादी ढांचे, संकाय प्रोफ़ाइल, पाठ्यक्रम, छात्र सहायता सेवाओं, अनुसंधान प्रदर्शन और सामुदायिक जुड़ाव का गहन मूल्यांकन किया है। मान्यता शिक्षण, अनुसंधान, नवाचार, आउटरीच गतिविधियों और अन्य मापदंडों में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए जेयूआईटी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जेयूआईटी के प्रो-चांसलर और जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष, माननीय श्री मनोज गौड़ जी ने इस असाधारण उपलब्धि के लिए जेयूआईटी के कुलपति प्रोफेसर आर के शर्मा और उनकी गतिशील टीम को बधाई दी। प्रोफेसर शर्मा ने उत्कृष्टता के प्रति जेयूआईटी के समर्पण पर प्रकाश डालते हुए इस उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ए+ ग्रेड के साथ मान्यता विश्व स्तरीय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार प्रदान करने और असाधारण परिचालन मानकों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता को मान्य करती है। यह मान्यता उच्च शिक्षा और अनुसंधान में एक अग्रणी संस्थान के रूप में जेयूआईटी की स्थिति का प्रमाण है। प्रोफेसर सुनील कुमार खाह, प्रभारी आईक्यूएसी ने जोर देकर कहा कि ग्रेड आईक्यूएसी टीम के सदस्यों, संकाय, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय के छात्रों के समर्पण, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत का परिणाम है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित, जेयूआईटी एक प्रमुख विश्वविद्यालय है जो विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों की विविध श्रृंखला प्रदान करता है।


# भारत में स्टार्टअप 10 साल में 300 गुना बढ़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत में स्टार्टअप की संख्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 साल में लगभग 300 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में लगभग 350 स्टार्टअप थे। सिंह ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारत में है और यह सबसे तेजी से बढ़ते यूनिकॉर्न का घर है। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने यहां कहा, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार इस देश के युवाओं को प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने यह समझाने का प्रयास किया कि रोजगार केवल सरकारी नौकरी तक ही सीमित नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने आजीविका के ऐसे नए तरीकों को बढ़ावा दिया है जो सरकारी नौकरी से अधिक आकर्षक हो सकते हैं।" उन्होंने कहा कि भारत में 2014 में सिर्फ 350 स्टार्टअप से नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने के 10 साल में 300 गुना वृद्धि हुई है।




## शब्द पहेली - 5496



**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5495 का हल**





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 4 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप

### विश्व कपः दो कलाई के स्पिनर चुने भारत

**मुंबई।** पूर्व आल राउंडर इरफान पठान ने कहा कि भारत को अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ दो कलाई के स्पिनरों को चुनना चाहिए। पठान ने कहा, 'आपको पांच अच्छे गेंदबाजों की जरूरत है जो निहायती जरूरी हैं। आपके विकेटकीपिंग विकल्प क्या हैं? जब आप रविंद्र जडेजा के आठवें नंबर और बतौर स्पिन आल राउंडर खेलने की बात कर रहे हो तो मैं कहूंगा कि दो कलाई के स्पिनरों को खिलाय जाए।'

### सैमसन, राहुल ने दावा मजबूत कियाः स्मिथ

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किए हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है।

### सेंथिलकुमार बैच ओपन स्क्वाश फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।



विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता। इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्कियानिमेनिको से होगा।

## आईपीएल : कोहली ने सातवीं बार सत्र में बनाए 500 रन

# बेंगलोर की लगातार दूसरी जीत, गुजरात को नौ विकेट से रौंदा, विल जैक्स का शतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदाबाद

विल जैक्स की 41 गेंद में नाबाद 100 रन की आक्रामक पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार ओवर शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। यह बेंगलोर की लगातार दूसरी जीत है। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 200 रन बनाए थे लेकिन आरसीबी ने महज 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर 10 मैचों में तीसरी जीत दर्ज की। गुजरात की यह 10 मैचों में छठी हार है।

शुरुआती 17 गेंदों में महज 17 रन बनाने वाले जैक्स ने अपनी नाबाद आतिशी पारी में पांच चौके और 10 छक्के लगाए। उन्होंने 15वें और 16वें ओवर में क्रमशः मोहित शर्मा और राशिद खान के खिलाफ 29-29 रन बटोरने के दौरान कुल सात छक्के और तीन चौके लगाए। जैक्स ने दिग्गज विराट कोहली (नाबाद 70) के साथ दूसरे विकेट के लिए महज 74 गेंद में 166 रन की अटूट साझेदारी की। कोहली ने 44 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाकर स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को जवाब दिया। कोहली ने इस दौरान मौजूदा आईपीएल सत्र में 500 रन पूरे किए। यह सातवीं बार है जब कोहली ने आईपीएल सत्र में 500 से अधिक रन बनाए हैं।



### लक्ष्य का पीछा करते फिफ्टी

| बार | खिलाड़ी |
|---|---|
| 35 | डेविड वार्नर |
| 24 | विराट कोहली |
| 23 | शिखर धवन |
| 22 | केएल राहुल |
| 20 | गौतम गंभीर |

### कोहली का चौथा अर्धशतक

आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 32 गेंदों में इस सीजन का चौथा अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने 44 गेंदों में 70 रनों की नाबाद पारी खेली। गुजरात के खिलाफ किंग कोहली ने 159.09 के स्ट्राइक रेट से छह चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ आईपीएल 2024 में विराट कोहली के 500 रन पूरे हो गए।



### सुदर्शन और शाहरुख की फिफ्टी बेकार

बी साई सुदर्शन की 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी से गुजरात टाइटंस को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाने के साथ दो अहम साझेदारियां की। साई सुदर्शन ने तीसरे विकेट के लिए शाहरुख खान (58) के साथ 45 गेंद में 86 रन की साझेदारी से मैच में टीम की वापसी कराई और फिर डेविड मिलर (26) साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की। शाहरुख ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए जिससे टीम धीमी शुरुआत से उबरने में कामयाब रही। मिलर ने 19 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया।

#### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का कर्ण बो स्वप्निल | 05 | 04 | 1 | 0 |
| गिल का ग्रीन बो मैक्सवेल | 16 | 19 | 1 | 0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 84 | 49 | 8 | 4 |
| शाहरुख खान बो सिराज | 58 | 30 | 3 | 5 |
| डेविड मिलर नाबाद | 26 | 19 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 200/3
गेंदबाजी : स्वप्निल 3-0-23-1, सिराज 4-0-34-1, दयाल 4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1, कर्ण 3-0-38-0, ग्रीन 3-0-42-0.

| आरसीबी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 70 | 44 | 6 | 3 |
| डुप्लेसी का स्था. शंकर बो किशोर | 24 | 12 | 1 | 3 |
| विल जैक्स नाबाद | 100 | 41 | 5 | 10 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 16 ओवर में 206/1
गेंदबाजी : उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर 1-0-15-0, साई किशोर 3-0-30-1, राशिद 4-0-51-0, नूर 4-0-43-0, मोहित 2-0-41-0.




# गायकवाड़ व देशपांडे ने चेन्नई को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

कप्तान रूतुराज गायकवाड़ लगातार दूसरे शतक से मामूली अंतर से चूक गए लेकिन उनकी शानदार पारी और तुषार देशपांडे की उम्दा तेज गेंदबाजी से चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को 78 रन से हराकर पिछले दो मैचों में हार के बाद जीत की राह पर वापसी की। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई चेन्नई ने तीन विकेट पर 212 रन बनाये जिसमें गायकवाड़ के 54 गेंद में 98 रन शामिल थे। वहीं डेरिल मिचेल ने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 52 रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने 20 गेंद में नाबाद 39 रन की पारी खेली। जवाब में सनराइजर्स का अति रक्षात्मक रवैया ही उस पर भारी पड़ा। देशपांडे ने शुरूआती झटके देते हुए तीन ओवर में 27 रन देकर चार विकेट लिये। सनराइजर्स की टीम 18.5 ओवर में 134 रन पर आउट हो गई। इस जीत के बाद चेन्नई 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के भी दस अंक है। सनराइजर्स के भी दस अंक है लेकिन वह चौथे स्थान पर है।

# दिल्ली और मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी कोलकाता

**कोलकाता।** पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही। लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किए गए आस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। दिल्ली की बल्लेबाजी सिर्फ मैकगुर्क तक ही सीमित नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स ने भी अपनी 'पावर हिटिंग' से सभी को हैरान किया।

# कीनिया के मवानिकी, कसाइत ने जीते टीसीएस विश्व 10के दौड़

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कीनिया के पीटर मवानिकी और लिलियन कसाइत ने रविवार को यहां 16वें टीसीएस विश्व 10के में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता।


मवानिकी ने शुरुआती से अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 28 मिनट और 15 सेकंड के समय के साथ जीत दर्ज की जबकि हमवतन हिलेरी चेपक्वोनी (28:33) दूसरे स्थान पर रहे। अंतरराष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग में कसाइत ने 30:56 मिनट के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। क्युलेट अचोल (31:17) और लेमलेम हैलु (31:23) क्रमशः दूसरे और तीसरे



स्थान पर रहे। मवानिकी और कसाइत दोनों को पुरस्कार के तौर पर लगभग 21.38 लाख रुपए की राशि मिली। भारतीय एलीट एथलीटों की दौड़ में किरण मात्रे ने पहला स्थान हासिल किया और 29:32 के समय के साथ स्पर्धा का नया रिकॉर्ड कायम किया। पिछला रिकॉर्ड 29:49 मिनट का सुरेश कुमार के नाम था जिन्होंने 2015 में इसे बनाया था। महिला वर्ग स्पर्धा की रिकॉर्डधारी संजीवनी ने 34:03 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

### मेसी ने दो गोल कर मियामी को दिलाई जीत

**मैसाचुसेट्स।** लियोनेल मेसी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलाई।



मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी लेकिन मेसी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी।

## शतरंज चैंपियन गुकेश सम्मानित...



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को शतरंज सितारे डी गुकेश को 75 लाख रुपए नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया जिन्होंने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता है। स्टालिन ने गुकेश को एक शील्ड और शॉल भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, आला अधिकारी और गुकेश के माता पिता भी मौजूद थे। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 15 लाख रुपए दिए थे।



# ऑल इंडिया क्वान की डो में चैंपियन बनी श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी

- अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त सचिव ने मेजबान यूनिवर्सिटी को सौंपी ओवरऑल ट्राफी
- यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ विनोद व वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने खिलाडियों को दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने तीन दिन तक चली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैंपियनशिप में 9 गोल्ड मैडल, 2 सिल्वर मैडल व 3 ब्रांज मैडल जीतकर महिला व पुरूष वर्ग में पहला स्थान हासिल किया और ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता खिलाडियों को यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ विनोद टिबडेवाला व वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल की उपस्थिति में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने ट्राफी व मैडल देकर सम्मानित किया। झुंझुनूं स्थित श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैंपियनशिप में देश की 34 यूनिवर्सिटीज के 250 प्रतिभाशाली खिलाडियों ने हिस्सा लिया था। चैंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे एआईयू के संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने कहा कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ देश में 1000 से अधिक यूनिवर्सिटीज में खेल व संस्कृति क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभा तराशने का काम करता है। उनकी जिम्मेदारी एक अभिभावक, एक मां की भांति हो जाती है, जिसे सभी को बराबर अवसर उपलब्ध करवाने होते हैं। उन्होंने कहा श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी के बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग देशभर के युवाओं के लिए होना चाहिए। उन्होंने इस कडी में आगामी राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले युवा महोत्सव की मेजबानी यूनिवर्सिटी को देने की घोषणा की, ताकि राजस्थान के इलाके की समृद्ध संस्कृति का देश के हर कोने के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ आदान-प्रदान करवाया जा सके।



## चिंतन

# गर्म हो रहे हिंद महासागर से समुद्री हीटवेव के खतरे

धरती पर मनुष्य समेत सभी जीवों के अस्तित्व की रक्षा के लिए पर्यावरण की सुरक्षा वैश्विक एजेंडे के केंद्र में होनी चाहिए। तमाम चेतावनियों के बावजूद दुर्भाग्य से पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व की सरकारों की प्राथमिता नहीं बन पाई है। पर्यावरण सुरक्षा, क्लाइलमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, ब्लैक होल, अल्ट्रा वायलेट रे आदि शब्द चर्चाओं, बहसों व बौद्धिक विमर्शों में जरूर गूंजते हैं, लेकिन धरती को सुरक्षित करने के लिए विश्व की सरकारें एकजुटता से कदम नहीं उठा रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि हिंद महासागर के गर्म होने से आसपास के प्रभावित देशों में विनाशकारी प्रभाव पड़ेंगे। पुणे स्थित भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के जलवायु वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में कहा है कि हिंद महासागर में वर्ष 2020 और 2100 के बीच समुद्री सतह के 1.4 डिग्री सेल्सियस से तीन डिग्री सेल्सियस तक गर्म होने की उम्मीद है, जो चक्रवात में तेजी लाएगा, मानसून को प्रभावित करेगा और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि करेगा। समुद्री 'हीटवेव' (समुद्र के तापमान के असमान्य रूप से अधिक रहने की अवधि) के प्रतिवर्ष 20 दिन (1970-2000) से बढ़कर प्रतिवर्ष 220-250 दिन होने का अनुमान है, जिससे उष्ण कटिबंधीय हिंद महासागर 21वीं सदी के अंत तक स्थायी 'हीटवेव' स्थिति के करीब पहुंच जाएगा। समुद्री 'हीटवेव' के कारण मूंगों का रंग खत्म हो जाता है, समुद्री घास नष्ट हो जाता है और जलीय पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचता है। इससे मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह चक्रवात के कम अवधि में जोर पकड़ने की भी एक प्रमुख वजह है। 'उष्णकटिंबंधीय हिंद महासागर के लिए भविष्य के पूर्वानुमान' शीर्षक वाले अध्ययन के अनुसार, हिंद महासागर के जल का तेजी से गर्म होना केवल इसके सतह तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर में, उष्मा की मात्रा सतह से 2,000 मीटर की गहराई तक वर्तमान में 4.5 जेटा जूल प्रति दशक की दर से बढ़ रही है और इसमें भविष्य में 16-22 जेटा-जूल प्रति दशक की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। उष्मा की मात्रा में भविष्य में होने वाली वृद्धि एक परमाणु बम (हिरोशिमा में हुए) विस्फोट से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा के समान होगा। अधिकतम 'वार्मिंग' अरब सागर सहित उत्तर पश्चिम हिंद महासागर में होगी, जबकि सुमात्रा और जावा के तटों पर कम 'वार्मिंग' होगी। हिंद महासागर के अत्यधिक गर्म होने से भारत समेत सभी उष्णकटिबंधीय देश प्रभावित होंगे। ग्लोबल वार्मिंग के समुद्र का स्तर बढ़ना, प्रतिकूल मौसम, अत्यधिक गर्मी, मच्छरों की आबादी का बढ़ना, कीट-जनित संक्रमणों का खतरा, ग्लेशियर का पिघलना, जैव विविधता में बदलाव, मिट्टी का अम्लीकरण, बवंडर, तूफ़ान, और जंगल की आग और मानव स्वास्थ्य का खराब होना, पानी की किल्लत, भूजल स्तर में कमी आदि खतरे हैं। धरती पर तापमान बढेंगे तो गर्मी से मौतें बढ़ेंगी, किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होगी, अंग फ़ेलियर होंगे, डिहाइड्रेशन बढ़ेगा, दिल और फ़ेफ़ड़े की बीमारियां बढेंग़ी, वायरल इंफ़ेक्शन व एलर्जी के मामले बढ़ेंगे, प्रसव में परेशानियां होंगी, मानसिक बीमारियां बढ़ेंगी। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के मुताबिक, ग्लोबल वार्मिंग से बैंक, कृषि, परिवहन, और विकासशील देशों को खास तौर पर नुकसान होगा। इसलिए ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए तत्काल हरित तकनीक और प्रकृति अनुकूल जीवन अपनाने होंगे। प्रदूषण के सभी स्त्रोतों को बंद करने होंगे। आपसी टकराव खत्म करके विकसित व विकासशील देश पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करें।



आम चुनाव
प्रमोद भार्गव

# कम मतदान ने परेशानी बढ़ाई

> दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है, जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदू वोटों को ध्रुवीकृत करने का काम भी किया। इसके बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देश में भाजपा की बढ़त बनी हुई है।

देश में हुए दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है। जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदू वोटों को ध्रुवीकृत करने का काम भी किया, बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद दूसरे चरण में भी मतदान में कमी ने भाजपा नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है। दूसरे चरण में उन महिला मतदाताओं अर्थात लाडली बहनों ने भी कम मतदान किया है, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करके भाजपा को 163 सीटें दिलाई थीं। मतदाता के इस रुख के चलते जीत-हार का अनुमान लगाने वाली एजेंसियां भी असमंजस में है। मतदाता की उदासीनता के कारण ऊंट किस करवट बैठेगा, यह संशय बढ़ा दिया है।

लोकतंत्र में वैसे तो जनता देश की भाग्य-विधाता होती है, लेकिन जीत के बाद नेता और दल जनता के भाग्य-विधाता विकास का दावा करते-करते बन जाते हैं। इस कथित भाग्य-विधाता की दूसरे चरण में हुए कम मतदान के बाद नींद उड़ी हुई है। कम मतदान को राजनीतिक दल अपने हिसाब से परिभाषित करते हैं। ज्यादातर इसे सत्ताधारी दल के विपरीत हुआ मतदान माना जाता है, लेकिन नरेंद्र मोदी के आक्रामक प्रचार और हिंदुत्व की रणनीति के चलते फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि मतदाता ने अपना रुख बदल दिया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देश में भाजपा की बढ़त बनी हुई है, लेकिन जिस मध्यप्रदेश में भाजपा को लाडली बहनों से सबसे ज्यादा उम्मीद थी, वे मतदान के प्रति उदासीन दिखाई दी हैं। दूसरे चरण में खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 59 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि यहां 2019 में 67 प्रतिषत मतदान हुआ था। 2019 की तुलना में इनमें से चार सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है। टीकमगढ़ में 2019 में 63.80 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में 56.35 प्रतिशत रह गया। सतना में 2019 में 70.77 था, जो अब 59.21 रह गया। खजुराहो में 2019 में 64.76 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब 53.06 रह गया। हालांकि दमोह और होशंगाबाद में महिलाओं ने वोट 2019 की तुलना में ज्यादा डाले। दो चरणों में 190 सीटों पर हुए मतदान में ज्यादातर सीटों पर कम मतदान के चलते भाजपा को झटका लगा है, जबकि अच्छे मतदान के लिए भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सूक्ष्म प्रबंधन के दावे किए थे। कार्यकर्ताओं को जुटाकर अमित शाह तक ने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के गुर सिखाए थे। उधर जिला प्रशासन भी अधिक मतदान के लिए उन सब टोने-टोटकों को आजमाता रहा




है, जिन्हें मतदान बढ़ाने का परंपरागत फार्मूला माना गया है। हालांकि इन टोटकों में ज्यादा कुछ असरकारी कभी दिखाई नहीं दिया। प्रशासन की हुंकार पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इकट्ठा करके मानव श्रृंखला बनाकर और कुछ नारे लगाकर इन टोटकों की इतिश्री न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में कर ली जाती है। जिसके नतीजे लगभग शून्य होते हैं।

बहरहाल भाजपा संगठन इस तैयारी में लगा रहा था कि मतदान लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़ जाए। इस नाते भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर 370 वोट बढ़ाने का पाठ भी कार्यकर्ताओं को पढ़ाया था, परंतु हुआ इसका उल्टा, 10 से 12 प्रतिशत तक मत-प्रतिशत कम हो गया। साफ है, वोट बढ़ाने का फार्मूला कारगर साबित नहीं हुआ है। संभव है अगले पांच चरणों में भी अब यही ट्रेंड देखने में आए? मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर मतदान केंद्रों तक मतदाता को पहुंचाने की जिम्मेदारी लेते हुए वोट-प्रतिशत 48.55 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। इसी का नतीजा रहा कि 230 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 163 सीटों पर विजय प्राप्त कर ली थी। भाजपा के इस केंद्र प्रबंधन की तारीफ भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी हुई। अतएव इसी फार्मूले को लोकसभा चुनाव में भी अजमाने के प्रबंध किए गए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को कार्यशालाएं लगाकर प्रशिक्षित भी किया गया, लेकिन मत-प्रतिशत बढ़ने की बजाय घट गया। कार्यकर्ता और मतदाता के उदासीन होने के कारणों में विधानसभा चुनाव परिणाम में स्पष्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री के चयन में उम्मीद से ज्यादा देरी और फिर मंत्रिमंडल के गठन में भी इसी देरी को दोहराना प्रमुख कारण रहे हैं। इस उदासीनता के पीछे एक बड़ा कारण शिवराज सिंह चौहान को हाशिए पर डालना भी रहा है, जबकि विधानसभा चुनाव में जीत का प्रमुख आधार उनकी लाडली लक्ष्मियां और बहनें रही हैं। शिवराज की लोक-लुभावन भाषण कला भी इस बड़ी जीत का एक राज रही है, जबकि मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लेकर अब तक उनका करिश्माई नेतृत्व किसी भी क्षेत्र में देखने में नहीं आया है। हालांकि अब नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शिवराज को केंद्र में ले जाएंगे।

देश और मध्यप्रदेश में कम मतदान की झलक यह जता रही है कि फिलहाल कांग्रेस शून्य नहीं हो रही है। सुविधा भोगी मतदाता ने कम मतदान किया है। ज्यादातर शहरी मतदाता इन दोनों चरणों में शुक्रवार को मतदान के चलते शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण सपरिवार पर्यटन पर निकल गया। नतीजतन ऐसे लोगों ने मतदान की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। दूसरी तरफ दलों और कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने से किनारा कर लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह किनारा इसलिए किया, क्योंकि वे इस अतिविश्वास के शिकार हो गए हैं कि मोदी और राम में लहर बन जाने के कारण भाजपा 400 पार जा रही है। कांग्रेस और अन्य दलों के कार्यकर्ता इस गलतफहमी में हैं कि मोदी लहर के चलते उनके दल का पार पाना मुश्किल है, इसलिए उसने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने से दूरी बनाए रखी। कांग्रेस के पास संसाधनों की कमी के चलते भी यह स्थिति देखने में आई है। विपक्षी दल मतदाता को मुद्दों के आधार पर लुभाने में भी सफल नहीं हुए। विपक्षी दलों के बिखराव ने भी मतदाता को उदासीन बनाने का काम किया है। मतदाता ने सोच बना लिया कि इंडी गठबंधन बन जाने के बावजूद इसका कोई केंद्रीय नेतृत्वकर्ता सामने नहीं है, इसलिए मोदी पर भरोसा करना ही ठीक है। लेकिन यह उदासीनता देश हित में कतई उचित नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विडंबना
सुरेश हिंदुस्तानी



# तर्कहीन बयानों से जूझती चुनावी राजनीति

भारत में एक समय ऐसा भी था ज़ब राजनीति से आम जनमानस का विश्वास समाप्त होता जा रहा था। राजनीतिक दलों से जो अपेक्षा थी, सब जनता की अपेक्षाओं पर पानी फेरते दिखाई दे रहे थे। उस समय देश की यह अवधारणा बन गई थी कि अब भारत की राजनीति ऐसे ही चलती रहेगी, लेकिन 2014 के बाद देश ने एक नई राजनीति का साक्षात्कार किया। एक ऐसी राजनीति जिसमें सपने भी थे और एक उम्मीद भी थी। आज इस समय को दस वर्ष का समय व्यतीत हो गया है। सपने पूरे हुए या नहीं, यह तो परीक्षण का विषय है, लेकिन आज की राजनीति बदली हुई दिखाई देती है, यह अवश्य ही कहा जा सकता है। आज भी जिस प्रकार से सत्ता प्राप्त करने की लालसा लेकर राजनीतिक दल राजनीति कर रहे हैं, वह प्रथम दृष्टया यही परिलक्षित कर रहे हैं कि राजनीतिक दलों के पास अपने कोई स्थायी सिद्धांत नहीं हैं। विपक्ष के दल वर्तमान केंद्र सरकार को घेरने के लिए कई प्रकार के राजनीतिक दांव पेच खेल रहे हैं। इस प्रकार की राजनीति के चलते देश का आम जनमानस निश्चित रूप से भ्रम की अवस्था में है। सारे दल अन्य दलों से अपने आपको बेहतर बताने की राजनीति कर रहा है, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि इस बार विपक्षी दलों के राजनेता सधे हुए क़दमों से अपनी पारी को अंजाम दे रहे हैं। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से चोर कहने का दुस्साहस किया गया, उससे कांग्रेस की फ़जीहत हो गई थी, इतना ही नहीं राहुल गांधी को माफ़ी भी मांगनी पड़ी। इस बार परिदृश्य बदला हुआ है। विपक्ष के नेता सरकार को लक्ष्य करके आलोचना कर रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि इन आलोचनाओं में भी वह धार नहीं है कि वह अकेले दम पर सरकार बनाने का सामर्थ्य पैदा कर सकें। वर्तमान लोकसभा के प्रचार में विपक्षी दलों की ओर से जिस प्रकार की सक्रियता दिखाई जा रही है, उससे कमोवेश ऐसा ही लगता है कि विपक्ष ने इस चुनाव को आरपार की लड़ाई बना दिया है। यह सभी जानते हैं कि मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी लम्बे समय तक सत्ता का सुख भोगा है, इसलिए यह कहा जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता में बने रहने की आदत सी हो गई है। उनके बयानों में भी सत्ता प्राप्त करने की तड़प दिखाई देती है। देश में अब दो चरणों के मतदान संपन्न हो चुके हैं। चुनावी रैलियों में राजनेताओं के बयानों की व्याख्या निकालने का क्रम भी चल रहा है। किसी बड़े मुद्दे पर समाचार चैनलों पर बहस भी होती है। इन बहस में सभी नेता अपने हिसाब से अर्थ निकाल कर बहस करते हैं। कोई किसी के कम नहीं दिखता, लेकिन इन बहस में लगभग विवाद जैसी स्थिति बनती दिखाई देती है। चैनलों पर जो बहस होती है, उसमें अपनी पार्टी के विचार को कम रखा जाता है, सामने वाले की बात को जोरदार तरीके से नकारने की ही राजनीति की जाती है। विपक्षी नेताओं को इन्हीं बहसों के दौरान एंकरों पर दबाव बनाते हुए भी देखा और सुना जा सकता है। यह बहस का सारा खेल जनता को गुमराह करने वाला होता है। इसमें पूरी तरह से आम जन के मुद्दों का अभाव ही रहता है। इस कारण यह आसानी से कहा जा सकता है कि आज की राजनीति केवल विरोध करने तक ही सीमित हो गई है, इसमें रचनात्मक विरोध समाप्त होता जा रहा है। रचनात्मक विरोध का आशय यही है कि सामने वाले के अच्छे कार्यों का समर्थन भी किया जाए, लेकिन आज की राजनीति में ऐसा होना असंभव सा ही लगता है। विपक्ष की ओर से कोई ख़ास मुद्दे नहीं उठाए जा रहे हैं। जिस महंगाई और बेरोजगारी को विपक्ष मुद्दा बनाकर राजनीति कर रहा है, वह कोई नया नहीं है। यह दोनों ही मुद्दे लगभग हर चुनाव में उठे हैं, और हो सकता है आगे भी उठते रहेंगे, क्योंकि बेरोजगारी का मुद्दा तभी तक होता है ज़ब तक व्यक्ति केवल नौकरी की तलाश में बैठा रहता है। यह बात सही है कि आज की राजनीति और दस वर्ष पहले की राजनीति में ज़मीन आसमान का अंतर है। कांग्रेस के नेताओं के बयानों से लगता है कि वे ही शासन करने के लिए आए हैं, उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि वह विपक्ष की भूमिका में हैं। विरोधी पक्ष को यह भी समझना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र तभी तक जीवित है, ज़ब तक जनता की राय को महत्व दिया जाएगा। ऐसी कोई बात नहीं आनी चाहिए जिससे जनता भ्रमित हो। अन्यथा यह लोकतंत्र की भी हार होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।


## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बुराइयों की जड़ है भौतिक तृष्णा

हमारे देश और समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक बुराइयों ने जो पैर पसारे हैं, उसकी वजह लोगों में बढ़ती भौतिकतावादी और आधुनिकता की तृष्णाएं और बेवजह की इच्छाएं भी हैं। झूठी शान के लिए कुछ लोग अनैतिक कार्यों में संलिप्त हो रहे हैं। इनसानियत से गिर रहे हैं। देश की राजनीति में जो दोष आए हैं, उसकी वजह भी यह है कि कुछ लोग राजनीति में स्वार्थ के लिए ही आए हैं और शायद आएंगे भी। हमारा मन बहुत चंचल होता है। यह अक्सर आसानी से विचलित हो जाता है। इस चंचलता के कारण हमारे अंदर तृष्णाओं का संचार होने लगता है। यह तृष्णाएं हमारे अंदर सांसारिक सुखों की लालसा बढ़ा देती हैं और यह लालसा इतनी बढ़ जाती है कि हमारे पास अगर सांसारिक सुखों की सभी चीजें उपलब्ध भी हैं, तो भी हम तृष्णाओं के कारण हमेशा परेशान रहते हैं।

*–मनीष पांडे, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### इसमें कोई सवाल नहीं

इसमें कोई सवाल नहीं है: जीवाश्म ईंधन के युग में रोशनी बुझ रही है। जीवाश्म ईंधन उद्योग की देरी की रणनीति इसे बदल नहीं सकती। ग़लत सूचना, विकृति और घुमाव इसे बदल नहीं सकते-चाहे उन पर कितने भी अरब डॉलर फेंके जाएं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



### वर्तमान ही आधार

समय का प्रबंधन, आर्थिक शुचिता और संयम ही जीवन में प्रगति के मूल मंत्र हैं। जीवन की समस्त संभावनाओं का आधार वर्तमान ही है। अतः वर्तमान का अधिकतम लाभ लेते हुए सत्कर्म पारायण रहें। वर्तमान ही जीवन निर्माण की आधारशिला है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु



### वो छीनना चाहते हैं अधिकार

कांग्रेस ने घटाई युवाओं के लिए वोटिंग की उम्र, किया 21 से 18 वर्ष, उन्होंने करोड़ों नौकरियां छीनी, युवाओं के सपनो का किया क्या हश्र, कांग्रेस ने सुनिश्चित किया सबको बराबरी का मताधिकार, वो बदलना चाहते हैं संविधान, छीनना चाहते हैं आपके अधिकार!

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### वोट खत्म करेगी

भाजपा और संघ के झूठ में मत फंसना। आरएसएस के नेता मोहन भागवत आरक्षण का विरोध कर चुके हैं और मोदी जातीय जनगणना का विरोध करते हैं। मैं फिर कह रहा हूं। भाजपा अगर जीत गई तो आरक्षण खत्म करेगी, संविधान खत्म करेगी और वोट खत्म करेगी।

-संजय सिंह, आप नेता



## करंट अफेयर

### यूक्रेन को सिर्फ पैट्रियट मिसाइल देगा अमेरिका

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन का कहना है कि वह अपने नए सैन्य सहायता पैकेज के हिस्से के रूप में यूक्रेन को पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों और तोप के गोलों को जल्दी भेजेगा। हालांकि, मिसाइलों को लांच करने के लिए पैट्रियट सिस्टम नहीं भेजे जाएंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि बढ़ते रूसी हवाई खतरे का सामना करने के लिए उनके देश को पैट्रियट डिफेंस सिस्टम की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डिफेंस सिस्टमों से अभी जान बचाई जा सकती है। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने एक और बड़ा हवाई हमला किया है। खारकीव में अधिकारियों ने कहा कि रूसी हवाई हमले में एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया है। ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि रूसी सेना ने तीन क्षेत्रों में ऊर्जा सुविधाओं पर हमला किया गया। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने क्रूज मिसाइलों, सतह से हवा में मार करने वाली एस–300 मिसाइलों और इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। बताया गया है कि यूक्रेन ने विमान, वायु रक्षा प्रणालियों और जैमिंग का उपयोग करके 21 को मार गिराया गया। यूक्रेन ने सीमा पार दो रूसी तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाने का दावा किया है।



## ऑफ बीट

### क्या चपटा पैर होना सामान्य है? चोटों को लेकर मिथक

कई दशकों से शोधकर्ताओं, चिकित्सा पेशेवरों और सामान्य आबादी का मानना है कि चपटे पैर वाले लोगों में विभिन्न प्रकार की समस्याएं विकसित होने की आशंका अधिक रहती है। विशेष रूप से, ऐसा माना जाता है कि चपटा पैर होने से व्यक्तियों को भविष्य में दर्द और अन्य मसक्यूलोस्केलेटल (यानी मांसपेशियों, शिरा या स्नायु संबंधी) समस्याएं होने की आशंका अधिक रहती है। चपटे पैर को एक तरह का 'टाइम बम' माना जाता है। हालांकि, 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन' में हाल में प्रकाशित एक संपादकीय में मेरे अनुसंधान दल ने इस मिथक को चुनौती दी। हमने दिखाया कि यह सिद्धांत निराधार है कि चपटा पैर अनिवार्य रूप से दर्द या अन्य मसक्यूलोस्केलेटल समस्याओं का कारण बनते हैं। यूनिवर्सिटी डु क्यूबेक अ ट्रॉ–रिविएर (यूक्यूटीआर) में पादचिकित्सा (पोडियाट्रिक मेडिसिन) के अनुसंधानकर्ता के तौर पर मैं यहां अपने अध्ययन के मुख्य निष्कर्षों के बारे में बताऊंगा। यह सिद्धांत कहां से आया? चपटा पैर एक समस्या होने का सिद्धांत सदियों पुराना है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




वायु रक्षा प्रणाली दिनों दिन हो रही मजबूत

# भारतीय वायुसेना में शामिल इजराइली मिसाइल 'रैंपेज'



1 हाई-स्पीड लो ड्रैग-मार्क 2 मिसाइल है इसका नाम

2 मित्र देशों से अत्याधुनिक मिसाइलें सैन्य उपकरण खरीदे

3 मिग-29 के नौसैनिक लड़ाकू विमानों की करेंगे मदद

**हवा से जमीन पर स्पीड से मार करने में सक्षम**

**भारतीय वायु सेना और नौसेना की बढ़ी ताकत**

**रैंपेज मिसाइल इजराइल में हुई विकसित**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे में स्वदेश में रक्षा उपकरण बनाने के साथ मित्र देशों से भी अत्याधुनिक मिसाइलें और सैन्य उपकरण खरीद कर भी लड़ाकू विमानों के बेड़े की मारक क्षमता बढ़ाई जा रही है। वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने वाली इजराइली रैम्पेज मिसाइलों को भारतीय वायुसेना और नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है।

## 250 किमी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम

*सुपरसोनिक या आवाज से अधिक गति वाली रैम्पेज 250 किलोमीटर तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में सक्षम है। वायुसेना ने सुखोई -30 एमकेआई और मिग - 29, जगुआर लड़ाकू विमानों को रैम्पेज मिसाइलों से लैस किया है। नौसेना ने मिग-29 के नौसैनिक लड़ाकू विमानों के लिए मिसाइलों को अपने बेड़े में भी शामिल किया है। वायुसेना अब इस बात पर भी विचार कर रही है कि क्या मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत रैम्पेज को बनाया जा सकता है।*

### मेक इन इंडिया के तहत इन मिसाइलों के उत्पादन पर हो रहा विचार

इन मिसाइलों की खरीद 2020 में चीन के साथ गतिरोध शुरू होने के बाद रक्षा मंत्रालय ने की थी। भारतीय वायु सेना अब इस बात पर भी विचार कर रही है कि क्या मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत इन मिसाइलों का उत्पादन किया जा सकता है।

### लड़ाकू विमानों की बढ़ी मारक क्षमता

*हवा से जमीन पर मार करने वाली रैम्पेज मिसाइलों के शामिल होने से भारतीय लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता और बढ़ गई है। 2019 में बालाकोट हवाई हमले में इस्तेमाल की गई स्पाइस-2000 की तुलना में यह मिसाइल अधिक दूरी तक मार कर सकती है। हाई-स्पीड लो ड्रैग-मार्क 2 मिसाइल के रूप में जानी जाने वाली रैम्पेज मिसाइल को इजराइल ने विकसित किया है।*

## खबर संक्षेप

### शराब नहीं मिलने पर रूसी सैनिकों ने 7 को भूना

**कीव**। यूक्रेन में रूसी सैनिकों का नरसंहार जारी है। दो रूसी सैनिकों ने हाल ही में नशे में दो गांवों में नरसंहार किया और 7 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह नरसंहार सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि ग्रामीणों ने शराब देने से इनकार कर दिया था। दो सैनिकों पर नरसंहार का आरोप लगा है, उनकी पहचान 34 वर्षीय अलेक्जेंडर ओसिपोव और 37 वर्षीय अलेक्जेंडर काइगोरोडत्सेव के रूप में हुई है।

### जम्मू-कश्मीर में 2 जगह फायरिंग: गार्ड की मौत

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में पनारा गांव में सुबह करीब 7:45 बजे गोलीबारी हुई। जिसमें ग्राम रक्षा गार्ड का एक सदस्य घायल हो गया था। दोपहर में उसकी मौत हो गई। वीडीजी के सदस्य जंगल में गश्त कर रहे थे। तभी कुछ संदिग्ध लोगों से मुठभेड़ हो गई थी। आधे घंटे तक चली गोलीबारी के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया।

संदेशखाली केस की सीबीआई जांच के आदेश से टीएमसी सरकार नाराज

# सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार, राज्य पुलिस की शक्तियों को 'हड़पा' गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच के सुनवाई करने की संभावना है।



बंगाल सरकार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश ने पुलिस फोर्स सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। हाईकोर्ट ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशा निर्देश के सीबीआई को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भले ही वे याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाए गए आरोपों से संबंधित न हो। यह जांच करने के लिए राज्य पुलिस की शक्तियों को हड़पने के समान है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों पर सीबीआई जांच का दिया था आदेश

**शीर्ष कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा**

### याचिका में दी ये दलील



**2 मई को रिपोर्ट दाखिल करेगी सीबीआई**

हाईकोर्ट ने सीबीआई को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच करने और सुनवाई की अगली तारीख पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। बेंच अगली सुनवाई के लिए दो मई को सूचीबद्ध किये जाने का निर्देश दिया। उस दिन तक सीबीआई को रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

### ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच कर रही सीबीआई

संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हमले के मामले की जांच पहले से ही सीबीआई कर रही है और एजेंसी ने 5 जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन एफआईआर दर्ज की हैं। जांच की निगरानी अदालत की ओर से किए जाने का जिक्र करते हुए हाईकोर्ट ने राजस्व दस्तावेज और कथित भूमि के भौतिक निरीक्षण का गहन निरीक्षण करने के बाद मछली पालन के लिए कृषि भूमि के जल निकायों में कथित अवैध रूपांतरण पर एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

### उधर, ईसी ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर लगाई रोक

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने उनके कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाने को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अब भाजपा के एक और राजनैतिक हथियार चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी। ऐसा पहली बार हुआ होगा, जब चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के चुनावी गाने पर रोक लगाई है।तानाशाही सरकारों में विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है। आज यही हुआ है, भाजपा के एक और हथियार, चुनाव आयोग ने ऐसी कार्रवाई की है।

टीएमसी के दो गुटों में भिड़ंत

# भाजपा की महिला नेता पर हमला, पथराव में 1 की मौत



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के बागुईआटी क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो गुटों के बीच आपसी झड़प में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि अर्जुनपुर पश्चिमपारा में शनिवार की रात में झड़प हुई।

इस झड़प के दौरान दोनों गुटों के बीच पथराव भी हुआ। इस पथराव में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संजीव दास उर्फ पोटला के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि संजय दास के खिलाफ आर्म्स एक्ट से जुड़े 11 मामले दर्ज थे।

### पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया

इस घटना में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे स्थानीय पार्षद के लिए काम करने वाले टीएमसी कार्यकर्ताओं का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि मृतक को रॉड से पीटा गया है।

### महिला नेता ने छेड़छाड़ हमले का आरोप लगाया

एक अन्य घटना में भाजपा की एक महिला नेता ने दक्षिण कोलकाता के आनंनदपुर में टीएमसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने दावा किया कि उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। उन्होंने बताया कि हमला तब हुआ जब वह पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैनर और पोस्टर लगा रही थी। बता दें कि कोलकाता में एक जून को मतदान होने वाला है।



# उन्नाव में बस को चीरते निकल गया ट्रक

**दर्दनाक हादसे में सात की मौत, कई घायल**

*उन्नाव(एजेंसी)। यूपी के उन्नाव में रविवार की दोपहर भीषण हादसा हो गया। आमने-सामने की टक्कर के बाद ट्रक ने बस को एक साइड से चीर दिया। इससे सात लोगों की मौत हो गई है। 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। हादसा सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में जमल्दीपुर के पास हुआ है। पुलिस ने हालांकि अभी छह के मरने की पुष्टि की है। तीन लोगों की पहचान हुई है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।बताया जाता है कि बांगरमऊ की ओर से उन्नाव आ रही निजी बस सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास पहुंची थी। इसी दरम्यान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बस को एक तरफ से चीरते हुए ट्रक आगे निकल गया।*

# भोजपुरी एक्ट्रेस की लटकी मिली लाश

**भागलपुर**। भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडेय की लाश मिली है। आदमपुर इलाके के दिव्य धाम अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 104 में उसकी लाश पंखे के सहारे साड़ी के फंदे से झूलती मिली। परिजनों ने शव को फंदे से उतार कर स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जोगसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।



मिडिल ईस्ट डिप्लोमेसी का नया चैप्टर

# सौदा: एक और इस्लामिक देश के साथ होगा भारत का ट्रेड समझौता

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारत मिडिल ईस्ट में अपने संबंधों का विस्तार करना चाहता है, जहां बढ़ते जियो-पॉलिटिकल तनाव प्रमुख शिपिंग मार्गों को खतरे में डाल रहे हैं। इससे भारत को एक रणनीतिक साझेदार और अस्थिर क्षेत्र में प्रमुख व्यापार मार्गों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि, भारत और ओमान के बीच वार्षिक व्यापार फिलहाल 13 अरब डॉलर से कम है, लेकिन यह रिश्ता नई दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ओमान, भारत और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य का प्रवेश द्वार है, जो वैश्विक तेल शिपमेंट के लिए एक प्रमुख ट्रांजिट प्वाइंट है।

### 3 अरब डॉलर का आयात शुल्क होगा खत्म

ओमान कृषि उत्पादों, रत्न और आभूषण, चमड़ा, ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरणों, इंजीनियरिंग उत्पादों और कपड़ों सहित वार्षिक 3 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर आयात शुल्क खत्म करने पर सहमत हो गया है। वहीं, भारत ने ओमान से आयात शुल्क कम करने पर सहमति जताई की है। भारत और ओमान के बीच के संबंध करीब 5,000 साल पुराना है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध 1955 में स्थापित हुए थे और 2008 में इसे रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया गया था।

पिछले एक हफ्ते के दौरान जंगलों में आग लगने की 225 घटनाएं, करोड़ों का नुकसान

# आग से झुलसे पहाड़, चारों ओर धुआं-धुआं, 24 घंटे में 23 जगह जले जंगल

एजेंसी ▶▶ हल्द्वानी

गर्मी बढ़ने के साथ ही कुमाऊं के जंगलों में आग बेकाबू होने लगी है। नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी। पाइंस की आग हाईकोर्ट के आवासीय परिसर तक पहुंच गई थी, जिस पर काबू पा लिया गया है। पिछले एक हफ्ते के दौरान जंगलों में आग लगने की 225 घटनाएं हुई, जिसमें 288 हेक्टेअर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। बागेश्वर में तो जंगल की आग ने काफलीगैर मैग्नेसाइट फैक्टरी के माइंस कार्यालय तक पहुंच गई। जिसमें 12 कमरे और मशीनें, कंप्यूटर तक जल गए। वनाधिकारियों के अनुसार कुमाऊं में नैनीताल और चंपावत जिला वनाग्नि की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बना हुआ है।





### 24 घंटे में करीब 35 हेक्टेयर जंगल अग्नि की भेंट चढ़ चुके

प्रदेश में 24 घंटे में 23 जगहों पर जंगलों में आग लगी है। इसमें 16 जगहों पर कुमाऊं में वनाग्नि की घटनाएं हुईं हैं। पूरे प्रदेश में 24 घंटे में करीब 35 हेक्टेयर जंगल वनाग्नि की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थिति इस कदर बिगड़ गई है कि नैनीताल जिले में जंगल की आग पर नियंत्रण के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई है। हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लेकर नैनीताल और उसके आसपास के वनाग्नि वाले क्षेत्रों में पानी गिराया है।

### यातायात प्रभावित, वन्यजीवों को भी नुकसान

जंगलों में लग रही आग का असर यातायात पर पड़ने लगा है। अल्मोड़ा-बागेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलता हुआ चीड़ का पेड़ टूटकर गिरने से यातायात बाधित हो गया। लोहाघाट (चंपावत) के ग्राम सभा पाटन पाटनी के जमरया खोला के जंगलों में भीषण आग से वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचा है। ब्लाक के शंखपाल, चंदा वन के जंगलों में देर रात तक आग लगी रही। आग लगने से बांज, बुरांश, फल्यांठ के पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गए।

### अब तक 598 जंगल जले

प्रदेश में नवंबर 2023 के बाद से अब तक जंगलों में आग की 598 घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें कुमाऊं में 329, गढ़वाल मंडल में 128 और वन्यजीव क्षेत्र में 51 घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में राज्य में कुल 725 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। इसमें कुमाऊं मंडल में 424, गढ़वाल में 240 शामिल है।



### स्वान केंद्र की जल गई संचार केबल

*बागेश्वर में कलक्ट्रेट परिसर तक पहुंची वनाग्नि को नियंत्रित करने में चार घंटे से अधिक का समय लगा। आग से स्वान केंद्र की संचार केबल जल गई। इंटरनेट ठप होने से शनिवार को करीब 40 विभागों का कामकाज प्रभावित रहा। आग से 20-25 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है।*

# पाकिस्तानी सेना के साथ समझौते की फिराक में इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद**। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान अब अपनी आजादी के लिए पाकिस्तानी सेना के साथ बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। इमरान खान की पार्टी के ही एक नेता ने बताया है कि उनकी पार्टी बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वे सत्ताधारी पार्टियों पीएमएलएन और पीपीपी के साथ कोई बात नहीं करेंगे। पीटीआई नेता के इस बयान पर सत्ताधारी पार्टियों में बेचैनी बढ़ गई है और उन्होंने पीटीआई को निशाने पर ले लिया है।



### सत्ताधारी पार्टियों ने बोला हमला

नवाज के वरिष्ठ नेता ख्वाजा साद रफीक ने कहा है कि इमरान खान की पार्टी पीटीआई को नागरिक सर्वोच्चता का रोना नहीं रोना चाहिए। राणा सनाउल्लाह ने कहा कि पीटीआई की मानसिकता राजनीतिक नहीं है बल्कि वे सैन्य प्रतिष्ठान की मदद से सत्ता हथियाना चाहते हैं। पीटीआई राजनीति में सेना को आमंत्रित कर रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25